हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 184, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 3 जनवरी, 2024 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ प्रदर्शन उग्र

## मैनपुरी में ट्रक चालकों और पुलिस की झड़प; चले ईंट-पत्थर

नई दिल्ली। हिट एंड रन कानून में सजा को सख्त किए जाने के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल का मंगलवार को दूसरा दिन था। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में हड़ताल का असर दिखाई दे रहा था। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में जिले में हड़ताल के दौरान चालकों ने पुलिस पर पथराव किया। हिट-एंड-रन कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों के विरोध प्रदर्शन के कारण छत्तीसगढ़ के रायपुर में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में ट्रक ड्राइवरों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस दौरान हड़ताल कर रहे चालकों ने पुलिस पर पथराव भी किया। वाहन चालकों की हड़ताल के मद्देनजर मध्य प्रदेश के सभी जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड पर है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई जिलों में प्रशासन ने पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी की बात को खारिज किया है। प्रशासन ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। ट्रांसपोर्टरों के




एक संगठन ने मंगलवार को दावा किया कि हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालकों की हड़ताल से मध्य प्रदेश में करीब पांच लाख वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। बस और ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते पंजाब के लुधियाना में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल खत्म हो गया है। पेट्रोल पंप पर आउट ऑफ स्टॉक के पोस्टर चिपका दिए गए हैं। हिट एंड रन कानून के खिलाफ कठुआ में वाहन चालकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास भी किया। महाराष्ट्र के नागपुर में हिट-एंड-रन मामलों पर नए कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश के धार में वाहन चालकों ने पीथमपुर हाईवे को जाम कर दिया।

**पेट्रोल पंप पर लगी कतारें**- महाराष्ट्र के नागपुर में वाहनों चालकों की हड़ताल का दूसरे दिन असर दिखाई दे रहा है। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

**भोपाल में दिखा हड़ताल का असर**- वाहन चालकों की हड़ताल का असर मध्य प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिला। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज कॉलेज और स्कूल वाहन नहीं चले, जिससे स्कूल जाने वाले छात्रों और शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते ईंधन आपूर्ति बाधित होने से भोपाल में कई पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लग गई हैं।

**महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस को दिया निर्देश**- महाराष्ट्र सरकार ने वाहन चालकों की हड़ताल को देखते हुए पुलिस को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस को कहा है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। हिमाचल प्रदेश में भी हड़ताल का असर सुबह से देखने को मिल रहा है। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के हड़ताल के कारण धर्मशाला में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगी हुई हैं। बता दें कि नए कानून के तहत टक्कर मारकर भागने और दुर्घटना की सूचना न देने पर चालकों को 10 साल तक की जेल की सजा और जुमार्ने का प्रविधान किया गया है। पहले आईपीसी की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत आरोपित को केवल दो साल तक की जेल हो सकती थी।

## एडीजी रैंक के सात अधिकारियों का तबादला, कानपुर के कमिश्नर स्वर्णकार हटे, अखिल कुमार को कमान




लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात सात वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। करीब चार माह पूर्व कानपुर का कमिश्नर बनने के बाद लगातार विवादों में रहने वाले आरके स्वर्णकार को हटा दिया गया है। उनको सीतापुर में ऑर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज भेजा गया है। वहीं, गोरखपुर के एडीजी जोन अखिल कुमार को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। इसी तरह उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में तैनात डीके ठाकुर को मेरठ जोन का एडीजी बनाया गया है। मेरठ के एडीजी जोन राजीव सभरवाल को मुरादाबाद में डॉ. बीआर अंबेडकर पुलिस अकादमी भेजा गया है। ऑर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात सुजीत पांडेय को एडीजी पीएसी बनाया गया है। एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार को गोरखपुर जोन का एडीजी बनाया गया है। यूपी 112 में संवाद अधिकारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद हटाकर प्रतीक्षारत किए गये एडीजी अशोक कुमार सिंह को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड भेजा गया है।

## 'मेक इन इंडिया का ब्रांड एंबेसडर बन रहा तमिलनाडु', पीएम बोले- मैंने तमिल संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखा

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु को 20 हजार करोड़ से अधिक की सौगात दी। उन्होंने तिरुचिरापल्ली में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नए टर्मिनल भवन भी शामिल है। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कामना करता हूं कि साल 2024 सभी के लिए शांतिपूर्ण और समृद्ध हो। यह सौभाग्य की बात है कि 2024 में मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। आज लगभग 20,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, जो तमिलनाडु की प्रगति को मजबूत करेंगी। मैं आपको इन परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,'पिछले कुछ सप्ताह तमिलनाडु के लोगों के लिए मुश्किल भरे रहे। हमने भारी बारिश के कारण कई लोगों को खोया है। संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार इस मुश्किल समय में तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। हम राज्य सरकार को हर तरह की संभव मदद उपलब्ध करा रहे हैं।' पीएम ने कहा कि भारत को तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति और विरासत पर गर्व है। मेरे कई तमिल मित्र थे



और मुझे उनसे तमिल संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं दुनिया में जहां भी जाता हूं, मैं खुद को तमिलनाडु के बारे में बात करने से नहीं रोक सकता। पवित्र सेनगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया गया, जो सुशासन के उस मॉडल से प्रेरणा लेने का एक प्रयास है, जो तमिल विरासत ने देश को दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आजादी का अमृतकाल, यानि आने वाले 25 साल भारत को डेवलप्ड नेशन बनाने के हैं। जब मैं विकसित भारत की बात करता हूं तो इसमें आर्थिक और सांस्कृतिक, दोनों पहलू शामिल हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, आज भारत दुनिया में एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। बड़े निवेशक देश में निवेश कर रहे हैं और इसका फायदा तमिलनाडु और देश की जनता को मिल रहा है। तमिलनाडु मेक इन इंडिया का बड़ा ब्रांड एंबेसडर बन रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि एयरपोर्ट न केवल यात्रा का माध्यम बनें, बल्कि विकास और रोजगार का केंद्र बनें। इस क्षेत्र में पीएम के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालों में एक बदलाव हुआ है। हर कोई जो हवाई चप्पल पहनता है, उसे भी हवाई चप्पल में यात्रा करनी चाहिए। हवाई जहाज हमारे देश के लोगों के लिए प्रधानमंत्री की आकांक्षा है।

## मंदिर में होंगे कुल 44 द्वार...18 दरवाजे, इनमें 14 स्वर्णजड़ित; मगर प्रवेश एक ही द्वार से

अयोध्या। रामलला का मंदिर ऐसे ही दिव्य और भव्य नहीं कहा जा रहा। 70.5 एकड़ में फैले विशाल मंदिर में 44 द्वार होंगे। इनमें से 18 द्वार दरवाजों से युक्त होंगे। इनमें भी 14 स्वर्णजड़ित होंगे। चार दरवाजे स्टोर के हैं, जिन्हें वार्निश कर आकर्षक बनाया गया है। मंदिर के डिजाइन व निर्माण से जुड़े इंजीनियरों के मुताबिक भूतल पर लगने वाले दरवाजे लकड़ी के बने हैं, जिसे हैदराबाद की कंपनी ने तैयार किया है। राममंदिर तक पहुंचने के लिए तीन पथ बनाए जा रहे हैं...रामजन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ। मगर, सभी यात्रियों को प्रवेश एक ही द्वार से मिलेगा। मंदिर जितना भव्य तैयार किया जा रहा है, श्रद्धालुओं की सहूलियत का भी उतना ही ध्यान रखा जा रहा है। उनकी सहूलियत के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट सुग्रीव किला के गेटवे दो के बगल में एक सुविधा केंद्र बना रहा है।

**राममंदिर के लिए पहुंचे**



**सुग्रीव किला**- निर्माण से जुड़े एक इंजीनियर ने बताया कि तीर्थयात्रियों को राममंदिर जाने के लिए सुग्रीव किला आना होगा। भक्तों को बिड़ला धर्मशाला के सामने तैयार किए जा रहे द्वार से सुग्रीव किला होते हुए प्रवेश मिलेगा।

इंजीनियर के मुताबिक, सनातन धर्म के पुराने मंदिरों में प्रवेशद्वार कुछ दूरी पर बनाए गए हैं। यहां भी जन्मभूमि की परिधि से 600 मीटर पहले बिड़ला धर्मशाला के सामने 35 फुट ऊंचे दो गेटवे बनाए गए हैं।

गेटवे से अंदर आने पर दोनों तरफ फुटपाथ के साथ 75 फुट चौड़ी रोड बनाई गई है। इस पथ से तीर्थयात्री मंदिर की ओर जाएंगे। इस पथ का फर्श सैंडस्टोन से बनाया गया है, जिस पर 9 कैनोपी बनाई गई हैं।

कैनोपी के बाद बाएं हाथ पर 16 काउंटर के साथ बैग स्कैनर बन रहे हैं। यहां से सुविधा केंद्र के सामने पहुंचेंगे। यहां बैगेज काउंटर के बगल से दोबारा इसी पथ पर आ जाएंगे और अमावा मंदिर के पीछे पहुंच जाएंगे। यहां से निकलने के बाद राममंदिर के दर्शन कर सकेंगे।

## उत्तर भारत में कोहरे और ठंड का डबल अटैक, देरी से चल रही 26 ट्रेनें

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरा उत्तर भारत जबरदस्त ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। कई शहरों में विजिबिलिटी लगभग शून्य हो चुकी है। मंगलवार सुबह दिल्ली का तापमान लगभग 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज सुबह तापमान 9.6 डिग्री दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यूपी के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। बात करें बिहार की तो मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश व आसपास इलाकों में चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। इनके प्रभाव से पटना व प्रदेश के 20 शहरों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। तीन जनवरी को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल में हल्की वर्षा की संभावना है। उत्तर भारत के अलावा पश्चिमी क्षेत्र यानी पंजाब, राजस्थान में भी आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने आज और कल कई राज्यों में बारिश की आशंका भी जताई है। अगले 24 घंटों के दौरान, तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप के कुछ



हिस्सों में अंडमान और निकोबार के दक्षिणी द्वीपों और पूर्वोत्तर भारत में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश संभावना है।

**कोहरे की वजह से लेट से चल रही 26 ट्रेनें**- दिल्ली में घने कोहरे की वजह से 26 ट्रेनें देरी से चल रही है। भारतीय रेलवे ने मंगलवार को ये जानकारी दी है।

## रामलला की मूर्ति फाइनल होने पर चंपत राय बोले- 'मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा'

अयोध्या। भव्य राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। तीन मूर्तिकारों में से कर्नाटक के जानेमाने मूर्तिकार योगीराज अरुण की बनाई मूर्ति पर मुहर लगी है। हालांकि, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को कहा कि इस मामले में मैं अभी कुछ नहीं बोलूंगा। मूर्तिकार मंदिर समिति ही इस पर अंतिम फैसला लेगी। जानकारी मिली है कि मूर्ति पर मुहर तो गई है, लेकिन ट्रस्ट 17 जनवरी को इस बारे में राम भक्तों को जानकारी देगा। आपको बता दें कि इस दिन रामनगरी में नगर यात्रा निकाली जाएगी। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर लिखा कि 'जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति का चयन हो गया है। हमारे देश के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार, हमारे गौरव अरुण योगीराज के द्वारा



बनाई गई भगवान राम की मूर्ति अयोध्या में स्थापित की जाएगी। यह राम और हनुमान के अटूट रिश्ते का एक और उदाहरण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हनुमान की भूमि कर्नाटक से रामलला के लिए यह एक महत्वपूर्ण सेवा है।' रामलला की अचल मूर्ति निर्माण के लिए नेपाल की गंडकी नदी समेत कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली। कर्नाटक की श्याम शिला व राजस्थान के मकराना के संगमरमर शिला को इनकी विशेष खासियतों के चलते चुना गया। मकराना की शिला बहुत कठोर होती है और नक्काशी के लिए सर्वोत्तम होती है। इसकी चमक सदियों तक रहती है। वहीं कर्नाटक की श्याम शिला पर नक्काशी आसानी से होती है। ये शिलाएं जलरोधी होती हैं, इनकी आयु लंबी होती है। योगीराज एक जाना-माना नाम हैं और सोशल मीडिया पर उनकी काफी फैन फॉलोइंग है।

## हनेडा एयरपोर्ट पर रनवे पर लैंड होते ही विमान में लगी भीषण आग, टूटी खिड़की से निकलती दिखीं लपटें




टोक्यो। जापान के टोक्यो में स्थित हनेडा एयरपोर्ट में मंगलवार को लैंडिंग के दौरान एक विमान के अंदर भीषण आग लग गई। स्थानीय मीडिया की ओर से जो फुटेज सामने आए हैं, उनमें विमान की खिड़की और इसके नीचे से आग की लपटों को निकलते देखा सकता है। जापानी न्यूज एजेंसी एनएचके ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि विमान के लैंडिंग के बाद किसी अन्य विमान से टकराने का शक जताया जा रहा है। इसमें कई यात्री सवार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब यात्री विमान लैंड हुआ उसी दौरान जेएएल 516 विमान ने उड़ान भरी थी। अभी यह साफ नहीं है कि विमान में लगी आग की चपेट में आकर कोई हताहत हुआ या नहीं। हालांकि, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान राहत-बचावकर्मी आग बुझाने की कोशिशों में जुटे दिखाई दिए।

## 'नेहरू नहीं पटेल की नीति पर चलेगी मोदी सरकार', चीन को लेकर जयशंकर ने दिया सख्त संदेश

नई दिल्ली। सीमा विवाद की वजह से पिछले कुछ सालों से भारत और चीन के रिश्ते में खटास पैदा हो गई है। पिछले कुछ सालों में लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के सैनिक कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। वहीं, हिंद महासागर में चीन अपनी विस्तारवादी नीति पर काम कर रहा है। हालांकि, मोदी सरकार द्वारा लगातार 'ड्रैगन' को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन के रिश्तों पर विस्तार से चर्चा की।

**चीन को लेकर पटेल और नेहरू की सोच थी अलगः विदेश मंत्री**- एस जयशंकर ने कहा,ह्लशुरूआत से ही जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बीच चीन को कैसे जवाब दिया जाए इस मुद्दे पर तीव्र मतभेद रहा है। मोदी सरकार चीन से निपटने में सरदार पटेल द्वारा शुरू की गई यथार्थवाद की नीति के अनुरूप काम कर रही है। हमने ऐसे रिश्ते बनाने की कोशिश की है जो आपसी संबंधों पर आधारित हों। जब तक उस पारस्परिकता को मान्यता नहीं दी जाती, इस रिश्ते का आगे बढ़ना मुश्किल होगा।ह्व

**चीन के प्रति नेहरू के दृष्टिकोण पर विदेश मंत्री ने उठाए सवाल**- भारत के पहले



गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण में अंतर बताते हुए जयशंकर ने दोनों दिग्गजों के बीच मतभेद पर जोर डालते हुए कहा," संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीट को लेकर यह मेरा मामला नहीं है कि हमें अनिवार्य रूप से सीट लेनी चाहिए थी, यह एक अलग बहस है, लेकिन यह कहना कि हमें सीट को हासिल करने का मौका पहले चीन को जाने देना चाहिए। चीन का हित पहले आना चाहिए, यह एक बहुत ही अजीब बयान है।"

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे कहा,"ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है। मैं इस मुद्दे को इस तरह से प्रस्तुत करता हूं कि यदि आप हमारी विदेश नीति के पिछले 75 से अधिक वर्षों को देखें, तो उनमें चीन के बारे में यथार्थवाद कम और आदर्शवाद, गैर-यथार्थवाद दिखा।" जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-चीन संबंधों का विकास सम्मान, संवेदनशीलता और हित के तीन पारस्परिक तत्वों द्वारा निर्देशित होता है। चीन के साथ माइंड गेम खेलने के बारे में विदेश मंत्री ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम हमेशा हारे हैं, लेकिन पहले ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिन्हें आज समझना बहुत मुश्किल है। पंचशील समझौता इसका उदाहरण है।

## 'हमने अपनी मस्जिद खो दी, देखिए अब वहां क्या हो रहा', ओवैसी का भड़काऊ बयान

हैदराबाद। अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन काफी नजदीक है। इसी बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से अपील की है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं से कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा की जा रही गतिविधियों से सावधान रहना होगा और मस्जिद देश में आबाद रहना चाहिए। ओवैसी ने यह वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की है। बाबरी मस्जिद को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जिस जगह पर पिछले 500 सालों से पवित्र कुरान पढ़ी जाती थी, वह जगह अब उनके हाथ में नहीं है। औवेसी ने भवानी नगर में एक कार्यक्रम में कहा, "युवाओं, मैं आपको बता रहा हूं, हमने अपनी मस्जिद खो दी है और आप देख रहे हैं कि वहां क्या किया जा रहा है। क्या आपको दर्द नहीं हो रहा है?" उन्होंने कहा, "जिस स्थान पर हमने बैठकर 500 वर्षों तक कुरान पढ़ा, वह आज हमारे हाथ में नहीं है। युवाओं, क्या आपको नहीं दिख रहा है कि तीन-चार और मस्जिदों को लेकर साजिश हो रही है, जिसमें



सुनहरी मस्जिद (गोल्डन मस्जिद) है। इसमें दिल्ली का मस्जिद भी शामिल है? वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद आज हमने अपना मुकाम हासिल किया है। आपको इन चीजों पर ध्यान देना होगा।" AIMIM प्रमुख ने कहा कि युवा मुसलमानों को सतर्क और एकजुट रहना होगा।

## संपादकीय

### नये संकल्पों का साल

सामान्य अर्थों में देखें तो समय साल-दर-साल अपनी चाल चलता रहता है। नया साल समय का एक मानक है। साल कोई अच्छा-बुरा नहीं होता, परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि समय के इस मानक को हम किस तरह बेहतर बनाते हैं। यह विचित्र संयोग ही कि नया साल रक्त जमाती सर्दी के बीच दस्तक देता है। खासकर, पश्चिमी देशों में तो बर्फ सामान्य जन-जीवन को जमा देती है। वातावरण में एक उदासी सी होती है। संभवतः जीवन की इसी एकरसता को तोड़ने के लिये ही नया साल मनाने की परंपरा शुरू हुई होगी। ताकि सर्दी को अंगूठा दिखाकर सार्वजनिक जीवन में उत्सव व उल्लास का मौसम बने। जहां तक भारतीय नववर्ष का आगमन है, वह उस समय आता है जब कुदरत मुस्करा रही होती है। सर्दी की विदाई की वेला, और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नई फसल पकने की तैयारी होती है। बहरहाल, उत्सव कैसे भी हों हमें उल्लासित करते हैं, हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नये उत्साह का संचार करते हैं। लेकिन नये साल का उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस नहीं देता। सड़कों पर नशे में झूमने और तेज गति से वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं देता। एक व्यक्ति की आजादी किसी की आजादी का अतिक्रमण करने का अधिकार नहीं देती। विडंबना है कि नई पीढ़ी तरह-तरह के नशों में डूबकर नये साल का उच्छृंखल जश्न मनाने को बेताब नजर आती है। उनसे सवाल किया जाना चाहिए कि देर रात तक हुड़दंग के बाद जब वे देर से एक अलसायी सुबह के साथ उठते हैं तो क्या ऐसे नये साल का स्वागत करते हैं? बहरहाल, हमने वर्ष 2024 में कदम रख लिया है। यह साल देश में आम चुनावों का साल है। यह लोकतंत्र के महाकुंभ का वर्ष है। बतौर जिम्मेदार नागरिक हमें तटस्थ भाव से संकीर्णताओं की राजनीति करने वालों को खुली छूट नहीं देनी है कि वे भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक समरता व धर्मनिरपेक्षता का अतिक्रमण करें। भारत विभिन्न संस्कृतियों व धर्मों का गुलदस्ता है। इसमें बहुसंख्यक वर्ग के भी अपने विशिष्ट दायित्व हैं। सत्ताधीशों को भी धार्मिक मामलों से तटस्थता व सुरक्षित दूरी रखनी चाहिए। राजनेताओं को विशुद्ध राजनीति करनी चाहिए व धर्मगुरुओं को धार्मिक क्रियाकलाप। दरअसल, कोई भी लोकतंत्र सहिष्णुता, सद्भाव व विश्वबंधुत्व के आधारभूत तत्वों से ही समृद्ध होता है। विडंबना यह कि देश का बड़ा वर्ग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों व अपनी मतदान की शक्ति से अनभिज्ञ नजर आता है। वह तमाम संकीर्णताओं व प्रलोभनों की राजनीति का शिकार हो जाता है। दरअसल, लोकतंत्र की शुचिता व भविष्य उसके जिम्मेदार नागरिकों के व्यवहार पर निर्भर करता है। देश के युवाओं के कंधों पर इस लोकतंत्र की अस्मिता की रक्षा का दायित्व है। उन्हें लोकतंत्र के महाकुंभ को गंभीरता से लेते हुए न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग करना है बल्कि स्वस्थ जनमत बनाने में भी अपना योगदान देना है। विश्वास करें कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से एक स्वस्थ संदेश दुनिया को जाएगा।

### है जारी हड़ताल!



थम गया है पहिया ।
है जारी हड़ताल ।।
आया है कानून ।
अब मचा बवाल ।।
किल्लत हुई तेल की ।
लंबी है कतार ।।
है लगा विराम ।
थम गई रफ़्तार ।।
उनके अब समर्थन में ।
आए बड़े लोग ।।
राजनीति भी करनी है ।
है उसका उपयोग ।।
असरदार बनने को ।
हैं बैठे तैयार ।।
खोल रहे हैं मुंह ।
तय अब चमत्कार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# कनवर्टेड हो चुके लोगों की स्वधर्म में हो रही वापसी, सनातन धर्म के प्रति आकर्षण तेजी से बढ़ा

**सौरभ तामेश्वरी**

ग्रेगोरियन कैलेंडर के परिवर्तन के साथ ही पाश्चत्य नववर्ष प्रारंभ हो गया है। लोगों द्वारा नए वर्ष में नए विचारों के साथ स्वयं में सुधार करने की योजनायें बनायी जाती हैं। जीवन और लक्ष्यों को लेकर अनेक नवाचार किये जाते हैं, लेकिन अगर आपसे कहें कि कुछ लोग अपनी योजनायें और लक्ष्यों को लम्बे समय से वैसे ही रखे हुए हैं। तो आप कहेंगे, वह अपना काम अपने हिसाब से कर रहे हैं इससे हमें क्या ! परन्तु उनकी यह बातें सकारात्मक होतीं तो कुछ न था। उनके उद्देश्य नकारात्मक हैं, जो कि सभी के लिए चिंता के विषय हैं।

आपको यह जानकार हैरानी होगी कि मत-संप्रदायों के कुछ लोग, लम्बे समय से मतांतरण के उद्देश्य को अपनी प्राथमिकताओं में रखकर लगातार इसके लिए कार्य कर रहे हैं। वह दूसरे धर्मों को नीचा दिखाकर, देवी-देवताओं का अपमान करके नागरिकों को अपने साथ शामिल करने का कार्य करते हैं। देश भर से मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि कन्वर्जन करने के लिए भोलेभाले बंधुओं को कभी रुपयों का लालच देकर तो कभी चिकित्सीय सुविधायें देने की बात बताकर उनका कन्वर्जन कराया जाता रहा है। उन्हें कभी ईसाई तो कभी मुस्लिम बना लिया जाता है। इस रेस में ईसाई ज्यादा हावी होते हैं।

लम्बे समय तक इनके ऊपर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया इसलिए देश में व्यापक स्तर पर कन्वर्जन हुए। इसके विरुद्ध हाल ही के वर्षों में आई जागरूकता के बाद अब परिणाम सामने आने लगे हैं। दुनिया भर के सामने इसकी सच्चाई आ चुकी है। कन्वर्जन का खेल अब जग जाहिर हो चुका है। सनातन जन-जन तक पहुंचा है। फलस्वरूप, प्रलोभनों में फंसे लोग अब स्वधर्म में वापसी करने लगे हैं। हाल ही में जब तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने सनातन को खत्म करने की बात कही, तो देश भर में उनका विरोध हुआ। जगह-जगह उदयनिधि के पुतले जलाए गए व उसके ऊपर कार्रवाई की मांग उठी।





जन-जन के जीवन में अपना हिस्सा रखने वाले सनातन की खूब चचाएँ हो रही हैं, इसकी शिक्षाओं से दुनिया भर के देश अपने कार्यों को कर रहे हैं। दुनिया में इसके प्रति सभी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। जैसा कि पहले ही बताया जिन लोगों को प्रलोभन देकर कन्वर्जन कराया गया, अब वह भी अपने धर्म के प्रति वापिस आ रहे हैं और अपने हिन्दू होने पर गौरव कर रहे हैं। वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश में ऐसे कई अवसर आये जब मतांतरित हुए परिवारों ने घरवापसी की। उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म के लोगों ने उन्हें बहला फुसलाकर अपने मत-संप्रदाय में शामिल कर लिया था, लेकिन वह अब उनके चंगुल से निकल रहे हैं।

वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश के कुछ मामलों को देखते हैं, जहाँ लोगों ने स्वधर्म में वापसी की है-

19 फरवरी 2023 : छतरपुर में बागेश्वर धाम पहुंचकर 220 लोगों ने स्वधर्म वापसी की. यह लोग चार बसों में भरकर आसपास के ग्रामों से आये हुए थे। सभी 220 लोगों को पीले रंग की पट्टिका पहनाकर उनकी घर-वापसी कराई गई। यहाँ पहुंचें परिवारों के लोगों में से किसी ने कहा कि उन्हें प्रलोभन देकर ईसाई बना लिया गया था। वहीं किसी ने बताया कि पहले उसकी ईसाई लडकी से शादी करा दी गयी, लेकिन वह घर नहीं आई और बोली ईसाई बनो उसके बाद ही वह घर आएगी। यह सभी परिवार एकजुट होकर बागेश्वर धाम पहुंचे जहाँ उन्होंने हिन्दू धर्म में वापसी की।

29 मार्च 2023 : झाबुआ अंतर्गत आने वाले ग्राम धामंदा के परिवार के 8 लोगों ने की स्वधर्म में वापसी की। परिजन ने बताया कि वह पहले बीमार रहते थे, इसका फायदा उठाकर किसी ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रलोभन दिया और उन्हें ईसाई धर्म में ले गया। नौ वर्ष पहले उन्हें ईसाई बना लिया गया था। वहां रहकर उन्हें ध्यान आया कि अपना सनातन धर्म ही बेहतर है, जिसके बाद परिवार के सभी जन ने घरवापसी का निर्णय लिया। पूरा परिवार कोकावद गाँव के महादेव धाम पहुंचें, यहां उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना कर स्वधर्म में वापसी की।

30 अप्रैल 2023 : बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा सागर जिले के बहेरिया में चल रही थी। कथा के दौरान 50 परिवार के 95 लोगों ने यहाँ घरवापसी की। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि निर्धन लोगों को मच्छरदानी और बकरी देने के साथ पढ़ाई आदि का प्रलोभन देकर ईसाई बनाया था। वह यहाँ कथा सुनने आये तो अपने धर्म में ही रहने के अन्दर इच्छा जागी, जिसके बाद उन्होंने कथा के दौरान घरवापसी की। सभी बोले अपना धर्म ही अच्छा है।

31 जुलाई 2023 : देवास के ग्राम नेमावर गाँव में 190 लोगों की घरवापसी की। 35 परिवारों के लोग इन सभी लोगों ने संत समाज के सानिध्य में सनातन धर्म में वापसी की। उनमें से कुछ लोगों ने बताया कि उनके पूर्वज भीख मांगते थे और वह किसी कारणवश बने मुस्लिम बन गये थे। लेकिन अब वह स्वधर्म वापसी करना चाहते हैं क्योंकि अपना धर्म ही सबसे बढ़िया है। जिसके बाद नेमावर में नर्मदा स्नान, मुंडन, हवन, यज्ञोपवीत आदि क्रियाएं करने के बाद उन्होंने स्वधर्म वापसी की।

22 दिसम्बर 2023 : मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लगे गांव के नागरिकों ने ईसाई धर्म छोड़ कर पुनः हिंदू धर्म अपनाया। इस दिन यहाँ रहने वाले 152 लोगों ने घरवापसी की। इनमें बैतूल के 72 और महाराष्ट्र के अमरावती जिले से लगे 12 से ज्यादा गांवों के 80 लोग शामिल हैं। वह सभी सावलमेंढ़ा के रामदेव बाबा संस्थान पहुंचे। उन्होंने स्वधर्म वापसी की बात बताई तो उनके हाथों में कलावा बंधकर, उन्हें गंगाजल पिलाया और उनके पैर पखारकर उनके स्वधर्म वापसी के निर्णय पर उनका अभिनन्दन किया।

यह तो मध्य प्रदेश के कुछ ही मामले हैं। आप देश भर में देखेंगे तो इनकी संख्या और बढ़ जाएगी। कन्वर्जन का खेल चला खूब चला है, तभी तो व्यापक स्तर पर लोग अब स्वधर्म वापसी करते हुए देखे जा रहे हैं। सनातन का चरमोत्कर्स जन-जन के अन्दर पहुँच रहा है. इससे मिलने वाले जीवन के सभी दिशा-निर्देशों से दुनिया लाभान्वित होकर स्वयं को धन्य मान रही है। वहीं कनवर्टेड की स्वधर्म वापसी की राह के प्रारंभ होने से धर्म की जय, अधर्म का नाश गुंजायमान होना प्रतीत होने लगा है।

# तबाह सीरिया को जबरन एक और युद्ध में घसीटने पर तुला है ईरान

**मनीष राय**

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और उसके सबसे वफादार आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने 2012 से ही असद शासन के समर्थन में सीरिया में सीधे लड़ाई लड़ी है। ईरानियों ने सैन्य और आर्थिक रूप से सीरिया में भारी निवेश किया है क्योंकि तेहरान का मानना है कि सीरिया के साथ उसका गठबंधन जो है इस क्षेत्र में सबसे पुराना और टिकाऊ है। प्रतिरोध की धुरी के हिस्से के रूप में सीरिया के भू-रणनीतिक अभिविन्यास को संरक्षित करना ईरानी नेताओं के बीच सार्वभौमिक रूप से साझा किया जाने वाला एक उद्देश्य है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल के खिलाफ "अग्रिम सैन्य चौकी" की रणनीति के केंद्रबिंदु के रूप में कार्य करता है। ईरान का यह रुख अब खुलकर लोगों के सामने आ गया है क्योंकि सीरिया तेजी से ईरान और इजराइल के बीच युद्ध का मैदान बनता जा रहा है। ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हाल ही में सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाके में एक इजरायली हवाई हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ सलाहकार की मौत हो गई। सैय्यद राजी मुहसावी, सीरिया में शीर्ष आईआरजीसी कमांडरों में से एक थे। इसके अलावा, मुहसावी सीरिया और लेबनान के सबसे पुराने आईआरजीसी कमांडरों में से एक रहे, वह 1980 के दशक से इस क्षेत्र में काम कर रहे थे। ईरानी सरकारी टीवी पर पढ़े गए एक बयान में, आईआरजीसी ने कहा कि "अतिक्रमणकारी और क्रूर जिओनवादी शासन को इस अपराध के लिए भुगतान करना होगा"। यह उम्मीद की जा रही है कि ईरानी इस बड़े नुकसान का बदला लेने के लिए जवाबी कार्रवाई करेंगे और संघर्ष का बढ़ना अब लगभग तय है।

एक वरिष्ठ ईरानी ऑपरेटिव की यह हत्या अचानक नहीं हुई। पिछले कुछ समय से सीरिया में स्थित ईरानी लड़ाकों द्वारा इजरायली क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों के जवाब में इजरायल सीरिया में स्थित ईरानी ठिकानों पर हमला कर रहा है। इससे पहले भी इजराइल ने देश से रॉकेट और मोर्टार हमलों के जवाब में सीरिया के क्षेत्र के अंदर अपने कई हमले किए हैं।

इजराइल ने सीरिया के दो मुख्य हवाई अड्डों, दमिश्क और अलेप्पो पर भी हवाई हमले किए हैं, जिससे दोनों कुछ समय के लिए सेवा से बाहर हो गए हैं। गाजा में इजरायल-हमास संघर्ष की शुरूआत के बाद से ही, सीरिया को भी इसके प्रभाव का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अब ईरान गाजा में अपने समर्थित आतंकवादी संगठनों का मनोबल बढ़ाने के लिए सीरिया को इजरायल के खिलाफ दूसरे मोर्चे के रूप में सक्रिय रूप से इस्तेमाल कर रहा है। सीरियाई संघर्ष की शुरूआत के बाद से तेहरान का एक सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य इजरायल को घेरने की रणनीति बनाना था। इसे हासिल करने के लिए ईरानियों ने सीरियाई-इजरायल सीमा पर और विशेष रूप से गोलान हाइट्स के बाहरी इलाके में सैनिकों और सैन्य उपकरणों तैनाती की।

ईरान के सबसे भरोसेमंद प्रॉक्सी समूह हिजबुल्लाह की बड़ी सेना और सहयोगी मिलिशिया को लेबनानी-सीरियाई सीमा पर तैनात किया गया है। जहां शिया समुदायों और तीर्थस्थलों के बड़े हिस्से हैं और दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के गढ़ के पास हैं। हिजबुल्लाह ने दमिश्क और होम्स शहरों सहित सीरिया के अंदर भी लड़ाकों को तैनात किया है। मध्य यूफ्रेट्स नदी घाटी में डेर अल-जौर गवर्नरेट तक हिज्बुल्लाह लड़ाकों के होने की खबरें आई हैं। हाल ही में, हिजबुल्लाह बलों ने इजरायल-सीरियाई सीमा के पास सीरियाई सैन्य ठिकानों पर तैनाती की है। इस तैनाती का उद्देश्य इजराइल को कई मोर्चों पर घेरना है। ईरानियों ने पहले भी सीरियाई क्षेत्र से इजराइल को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

इस संबंध में सबसे उल्लेखनीय प्रयास आईआरजीसी के कुद्स फोर्स के कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी का था, उन्होंने सीरिया में एक ट्रक पर लगे लॉन्चर से इजराइल पर रॉकेट्स दागकर इजराइल के सक्रिय रक्षा अभियान का जवाब देने की कोशिश की। इजरायली वायु सेना ने जवाबी कार्रवाई में सीरिया में 50 से अधिक ईरानी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इजराइल के भयंकर हवाई अभियानों ने थोड़े समय के लिए ईरान को हतोत्साहित कर दिया परंतु ईरानियों ने सीरियाई क्षेत्र से इजराइल पर हमला करने के लिए अन्य रास्ते तलाशने शुरू कर दिए। ईरान ने सीरियाई राष्ट्रपति असद की सेना और सीरियाई हथियार उद्योग के साथ गहराई से घुलमिल कर यह सुनिश्चित किया कि सीरिया में उसकी भविष्य की गतिविधियां छिपी रहें।

ईरानियों की विस्तारित उपस्थिति, विशेषकर दक्षिणी सीरिया में, ने पहले ही इजराइल की खतरे की धारणा को प्रभावित कर दिया है। परिणामस्वरूप, ईरान से संबद्ध ठिकानों पर इजरायल के हमले बढ़ रहे हैं। इजराइल एक आक्रामक बचाव की रणनीति पे चल रहा है, जो सीरिया में अपने पड़ोस से ईरानी खतरे को दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे सीरिया में ईरान और इजराइल के बीच एक नया तनाव चक्र शुरू हो सकता है, जिसका पूरे क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। सीरियाई शासन को यह समझना चाहिए कि अगर सीरिया में तेल अवीव और तेहरान के बीच चल रहे इस युद्ध पर काबू नहीं पाया गया। तब इजराइल सीरियाई सरकार के उन सैन्य स्थलों पर हमले करने से नहीं हिचकिचाएगा जहां ईरानियों ने घुसपैठ की है।

ईरान की हरकतें असद शासन की जीत को खतरे में डाल रही हैं। जैसे-जैसे सीरिया का आंतरिक संघर्ष खत्म हो रहा है। सीरियाई सरकार को अपना ध्यान पुनर्निर्माण के विशाल कार्य की ओर लगाना चाहिए, और इजराइल के साथ किसी भी युद्ध में नहीं घसीटा जाना चाहिए। लेकिन ईरान इस तरह के जोखिम उठाने के लिए आश्वस्त और तैयार दिखता है, और उसका मानना है कि उसे अपनी विनाशकारी गतिविधियों को जारी रखने के लिए दमिश्क से किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। ईरानी एक अस्थिर और संघर्षग्रस्त सीरिया चाहते हैं जिसे वे आसानी से नियंत्रित और उपयोग कर सकें। अब यह सीरियाई सरकार को तय करना है कि क्या वे एक मूक दर्शक बने रहना चाहते हैं और ईरान को अपने देश को एक और संघर्ष में घसीटने देना चाहते हैं या हस्तक्षेप करके कमान संभालना चाहते हैं।

# पहले पिछली गलतियों के लिए माफी मांगे, फिर न्याय यात्रा निकाले कांग्रेस

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी?

1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारे के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बने थे। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरूखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दिया।

31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लुटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। प्रेस एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी व उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, जब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फसाद हुए थे। हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना गुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है। जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई जिक्र नहीं था उन हजारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है। लेकिन क्या इतना कहने भर से ही सरकार का फर्ज पूरा हो गया? क्या इससे आजाद भारत के सबसे सबसे बुरे हत्याकांड की यादें मिट गईं? सिख दंगों के दोषी कांग्रेसी नेता गांधी परिवार के खास हैं। गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने आज तक हजारों निर्दोष सिखों के कत्लेआम के लिए माफी नहीं मांगी है।

साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी देश के पीएम थे। हादसे के वक्त यूनियन कार्बाइड कंपनी का सीईओ अमेरिकी कारोबारी वारेन एंडरसन था। हादसे के 4-5 दिन बाद यानी सात दिसंबर को एंडरसन भोपाल पहुंचे थे और उन्हें हवाई अड्डे पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन उसी दिन कुछ ही घंटों के बाद उन्हें न केवल जमानत मिल गई यहां तक की मध्य प्रदेश राज्य के सरकारी विमान में उन्हें दिल्ली भेजा गया। एंडरसन उसी दिन दिल्ली से अमेरिका चले गए थे। कांग्रेस की सरकार हजारों निर्दोष देशवासियों की हत्या के दोषी को उचित दण्ड और सजा देने की बजाय उसे बचाने और भगाने में मददगार बनी। देश के संत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे थे। पीएम इंदिरा गांधी से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रसिद्ध संत करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में सात नवंबर 1966 को देशभर के लाखों साधु-संत अपने साथ गायों-बछड़ों को लेकर संसद के बाहर आ डटे थे। सरकार ने लोकतान्त्रिक तरीके से मांग कर रहे निहत्थे साधु-संतों की भीड़ पर गोली चलवाई, आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां बरसवाईं। जिसमे सैंकड़ों साधु संतों और गोरक्षकों की जान गई। इसमें मरने वालों की संख्या पर विवाद है। इस घटना के अगले ही दिन टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी रिपोर्ट में पुलिस की ओर से 209 राउंड फायरिंग की बात कही गयी थी।

1985 में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान को हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर राजीव गांधी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। इस तरह शाहबानो अदालती लड़ाई जीतने के बाद भी हार गईं। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति ने उन्हें हरा दिया। असल में मुस्लिम बेटी को अदालत से मिला न्याय कांग्रेस की सरकार ने उससे छीन लिया।

प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा धारा 370 लगाने के बाद से जो कश्मीरी लोगों के साथ अन्याय हुआ और 90 के दशक में कांग्रेस सरकार की बदनीति के कारण जो कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए। वो कहां का न्याय था? सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 1990 में 44167 कश्मीरी पंडित परिवारों ने घाटी छोड़ी थी। असल में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक नफे के लिए धारा 370 को जिंदा रखा और अलगाववादी ताकतों को फटकारने की बजाय सहलाने और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर बल दिया।

1971 के भारत पाक युद्ध में 93000 हजार पाकिस्तान सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को तो समझौते के मुताबिक उनके देश वापस भेज दिया। लेकिन आयरन लेडी अपनी सेना के 54 सैनिकों, अधिकारियों और लड़ाकू पायलटों को पाकिस्तान से वापस नहीं ला सकीं। सैनिक परिवार सरकार से न्याय की मांग करते रहे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। साल 1975 को इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हित के लिए इमरजेंसी लगाकर संविधान, कानून, राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों, कलाकारों, समाजसेवियों और देश की जनता के साथ जो अन्याय और अत्याचार किये उसके जख्म आज भी हरे हैं।

# हिट एंड रन केस में चालकों की हड़ताल ने प्रभावित किया यातायात व्यवस्था सब्जी मंडी में बढ़े रेट, पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म



प्रखर संतकबीरनगर। चालकों के लिए बने केंद्र सरकार के नए नियमों क्रोध में चालकों की हड़ताल हड़ताल से पूरे संत कबीर नगर जिले में यातायात व्यवस्था तप आवागमन में यात्रियों को हुई भारी परेशानी साथ ही साथ पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की कीमत लंबी-लंबी कारों में लगे पेट्रोल पंप पर दो पहिया चार पहिया वाहन वहीं जिले में चालकों ने रोड पर चल रही प्राइवेट गाड़ियों को भी रोक कर किया हंगामा संत कबीर नगर के पूरे जिले में दिनभर मचा रहा चालकों का हंगामा दौड़ती रही पुलिस। शहर में चलने के लिए सवारी गाड़ियों की रही कमी और वही घंटा इंतजार करते रहे खलीलाबाद बाईपास पर गोरखपुर बस्ती और अन्य जगह जाने के लिए यात्री। चालकों की हड़ताल से सब्जियों के कीमतों में भी असर पड़ा है। बाजार में सन्नाटा पसरा रहा लेकिन कल की अपेक्षा सब्जियों की कीमतों में 10% का बढ़ोतरी देखने में आया। जाहिर सी बात है चालकों की हड़ताल से घरेलू सामान के दाम भी उछाल पर होंगे और इसका सीधा खमियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ेगा। अब देखने वाली बात होगी की सरकार इस पर क्या फैसला लेती है और आम जनमानस की जेब पर कितना असर पड़ेगा। वहीं नेशनल हाईवे पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा, ना ही रोडवेज की बसें चली ना ही ट्रक और सवारी गाड़ियां,यात्री को पैदल चीन को मजबूर।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहनों का रहा चक्का जाम, यात्रीगण रहे परेशान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को यूसूफपुर मोहम्मदाबाद में नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक ड्राइवर की हड़ताल से आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि इस क्रम में शाहनिंदा बस स्टैंड पर सुबह से बसों का इंतजार करते हुए काफी यात्रियों को देखा गया। 31 राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राइवेट बसों तथा ट्रकों का आवागमन पूर्णतया ठप रहा। दूसरी तरफ ठंड की वजह से नागरिकों को तत्काल घर पहुंचने की आवश्यकता पड़ रही है। ऐसे में वाहनो के हड़ताल से यात्री परेशान है। स्थानीय क्षेत्र में पांच बस स्टैंड है। शाह निंदा, तहसील पर स्टेट बैंक के पास, शंकर कोल्ड स्टोर के पास, चौमुहानी व यूसुफपुर बस स्टैंड। सभी स्थानों से बड़े वाहन, प्राइवेट बस वह ट्रक नहीं चल रहे हैं। ऑटो चालक ऑटो पर सवारियों को क्षमता से अधिक भर कर ले जाते दिखाई दिए तथा किराया भी अधिक वसूली की शिकायते मिली है। देखा जाए तो यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिंडरा का छात्र प्रदेश की कबड्डी टीम में, राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता में लगा भाग



प्रखर पिंडरा वाराणसी। नेशनल इंटर कालेज पिंडरा के छात्र अमित कुमार विश्वकर्मा का प्रदेशीय स्कूली कबड्डी टीम में चयन होने पर शिक्षको व छात्रों में खुशी का माहौल दिखा। प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह ने बताया कि अमित कुमार विश्वकर्मा कक्षा 9 का छात्र है उसका चयन प्रदेश के स्कूली कबड्डी टीम अंडर 17 में हुआ। जो 7 जनवरी से 11 जनवरी तक तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगा। इसके पूर्व अयोध्या स्थित राज्य क्रीड़ा संस्थान बुलाया गया है। व्यायाम शिक्षक रमाकांत सिंह व अमर सिंह यादव ने कहाकि प्रतिभा के धनी अमित के चयन से अन्य छात्रों को प्रेरणा मिलेगी।

### असम में आयोजित तीन दिवसीय कूंग फू में गाजीपुर ने झटके 4 स्वर्ण 2 रजत पदक




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। असम के मिर्जा जिले में तीन दिवसीय कुंग फू वूशु नेशनल का आयोजित किया गया। जिसमे उत्तर प्रदेश के 43 बच्चे मे गाजीपुर के के एस मिक्स मार्सल आर्ट अकेडमी के 11 खेलड़ियों ने भाग लिया जिसमे 4 स्वर्ण पदक 2 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त किए जिसके अनुसार जाया दुबे, ज्ञानेंद्र कुमार ,आलोक प्रकाश बिंद, रोशनी कुशवाहा स्वर्ण पदक तथा आयुष वर्मा व प्रभास राम बिंद ने रजत पदक जबकि संजना, राजनिष , प्रियांशु दुबे कांस पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सभी बच्चे कोच कृष्णा कुमार शर्मा के देखा रेख मे मेडल प्राप्त किये। गाजीपुर स्टेशन पर बच्चों के अभिभावकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने कोच कृष्णा कुमार शर्मा को और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### भारत सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर

प्रखर संतकबीरनगर। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत इजराइल में सुरक्षित स्थान पर बिल्डिंग निर्माण से सम्बन्धित कार्य करने वाले श्रमिक जैसे सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर तथा आयर बेन्डिंग आदि के कार्यों हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कारपोरेशन के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है, जिससे इच्छुक एवं योग्यता रखने वाले श्रमिक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिक को उक्त चारो प्रकार में से किसी एक कार्य में निपुण होना चाहिए। श्रमिक का पासपोर्ट उपलब्ध हो अथवा पासपोर्ट न होने की दशा में तत्काल आवेदन कर बनवा लें। श्रमिक को कम से कम 01 वर्ष तथा अधिकतम 05 वर्ष की सेवा देना अनिवार्य है। श्रमिक को अग्रेजी भाषा को समझने व बोलने तथा पढ़ने का ज्ञान होना आवश्यक है। श्रमिकों को प्रतिमाह रुपया 1,37,260.00 लगभग वेतन के रुप में दिया जायेगा। श्रमिक को भारत आने जाने की सुविधा अवकाश लेकर स्वयं के व्यय पर रहेगी। श्रमिक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक श्रमिक उपरोक्त सूचनाओं के साथ श्रम विभाग, संतकबीरनगर के कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, निकट आजाद चौक, खलीलाबाद, संतकबीरनगर से तत्काल सम्पर्क कर सकते हैं।

### कार्यकर्ताओं ने भीतरी गोपालपुर में बांटा पूजित अक्षत

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के भीतरी गोपालपुर में गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत आज दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भीतरी गोपालपुर में प्रत्येक घरों में संपर्क किया। गांव में कार्यकताओं के पहुंचते ही प्रभु श्रीराम का जयकारा लगने लगा।प्रत्येक घरों में अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत राम मंदिर चित्र और आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। 22 जनवरी 2024 के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन गांव के मंदिर पर पूजा पाठ अनुष्ठान करने का आग्रह किया गया। मुख्य रूप से सह जिला संघचालक प्रेमचंद शुक्ल सह जिला सेवा प्रमुख अजय यादव गुल्ली पांडेय योगेश मिश्रा हरिराम पाल धीरज राय संतोष यादव रणजीत सिंह बेचू राम राजबहादुर यादव उमेश मिश्र और पंकज मिश्र ने संपर्क किया।



### राजकुमार श्रीवास्तव को मिला विधि में डॉक्टरेट की उपाधि

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुधाकर महिला विधि महाविद्यालय, वाराणसी के विधि प्रवक्ता राजकुमार श्रीवास्तव को तिलका मांझी भागलपुर विश्व?विद्यालय, भागलपुर से अपना शोध कार्य पूर्ण कर लेने के पश्चात डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे, समन्यवक व शिक्षाविद् डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय, निदेशक आशीर्वाद दूबे ने शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने अपना शोध कार्य सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में न्यायपालिका की भूमिका पर एक आलोचनात्मक शोध कार्य को पूरा किया, डॉ० राजकुमार ने बताया कि बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये,विकास किया जाना ही सतत विकास है। भागलपुर विश्वविद्यालय के टी.एन.बी.लॉ कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष, वर्तमान प्राचार्य और शोध कार्य के पर्यवेक्षक डॉ० संजीव कुमार सिन्हा ने शोध कार्य में पर्यावरण को संरक्षित करते हुए सतत विकास के बारिकियों का अध्ययन कराके शोध कार्य को पूर्ण कराया। डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने शोधकार्य के इस उपलब्धि पर अपनी माता गायत्री देवी,दीदी नीलम श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, हर्षवर्धन, हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के डॉ० एस०पी० मिश्रा, डॉ० सत्येन्द्र सिंह, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के असिस्टेन्ट प्रो. सुधीर कुमार चतुवेर्दी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के असिस्टेट, प्रो. डॉ० केरारी नन्दन शर्मा, दिगविजय कुमार राय, डॉ० सुजीत राय, डॉ. धम्म प्रिय गौतम, डॉ. शैलेन्द्र यादव और टी.न.बी. लॉ कालेज,भागलपुर विश्वविद्यालय के वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ० धीरज मिश्रा एवं सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान रहा`



## कम्बल व साड़ी पाकर खिले वृद्धजनों के चेहरे

प्रखर खेतासराय, जौनपुर। मां धर्म देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में नव वर्ष के अवसर पर वृद्धाश्रम सैयद अलीपुर सुक्खीपुर में रह रहे वृद्ध जनों में कंबल साड़ी व मिठाइयां वितरित की गई। संस्था अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था गरीब असहाय लोगों की मदद करती है। और संस्था से जुड़े हुए लोगों के द्वारा 1 प्रतिदिन के हिसाब से सहयोग आता है। इस सहयोग से संस्था के द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण, कंबल वितरण गरीब बेटियों की शादी असहाय लोगों का इलाज आदि तमाम धर्म कार्य किए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि आज वृद्ध माता-पिता का आशीर्वाद पाकर मैं स्वयं को गौरवानवित महसूस कर रहा हूं। और सभी को वृद्ध माता-पिता की सेवा सभी को करनी चाहिए। इस मौके पर संस्था उपाध्यक्ष श्रीमती रेनू शर्मा, संस्था कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, संस्था महामंत्री राजेश कुमार गौतम, स्वदेश कुमार, सतीश कुमार चौहान, विनय कुमार, संतोष कुमार शर्मा, विशाल सेठ, शाहिद अली, शिवानी शर्मा, लक्ष्मी शंकर यादव,फुल चन्द्र तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन शुक्ला, प्रदेश सचिव राहुल कुमार पाठक एवं संस्था के तमाम पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



## मोबाइल ट्रांसफार्मर से हो रही विद्युत आपूर्ति

मिर्जापुर। नगर में इन दिनों मोबाइल ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इससे लोगों को बिजली तो मिल रही है, लेकिन समस्या भी हो रही है। आमतौर पर मोबाइल ट्रांसफार्मर का उपयोग आकस्मिक प्रयोग के लिए किया जाता है। यदि कोई ट्रांसफार्मर जल गया और उसकी जगह दूसरे ट्रांसफार्मर की उपलब्धता नहीं हुई तो उस स्थिति में मोबाइल ट्रांसफार्मर का प्रयोग किया जाता है। इस समय ठंड का मौसम है। बिजली की उतनी समस्या नहीं है, लेकिन नगर के तिवराने टोला, इमामबाड़ा, त्रिमोहानी आदि जगहों पर मोबाइल ट्रांसफार्मर से ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इससे कभी-कभी जाम की भी समस्या हो जाती है।

## काशी द्वार योजना के विरोध में पड़े 1565 आपत्ति

प्रखर पिंडरा वाराणसी। काशी द्वार योजना से प्रभावित गांव के किसान ने मंगलवार को संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले,आयुक्त आवास विकास परिषद भेलुपुर के यहां 1565 आपत्ति पत्र दाखिल किया और कहाकि हम अपनी बहुफसली जमीन का अधिग्रहण नहीं होने देंगे। संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के किसानों ने आपत्ति पत्र दाखिल करने के बाद कहाकि किसान अन्न दाता है और किसान पैदा करते हैं तो पूरा भारत वर्ष खाता है लेकिन आज किसानों को उजाड़ कर उनकी उपजाऊ खेती को लेकर स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। किसानों ने कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी क्यों बनवा रही है हमारे गांव को स्मार्ट गांव बना दे, किसान भी खुशहाल हो जाएगा। आवास विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित काशी द्वार के लिए जमीन अधिग्रहण की सूचना प्रकाशन के बाद किसान फिर आंदोलन करने का निर्णय लिया और इसी क्रम मे का निर्णय लिया। मंगलवार को आपत्ति पत्र दाखिल करने वालो में सन्तोष पटेल, प्रेम कुमार नट, फतेहनारायन सिंह, अखिलेश



मंगलवार को सभी प्रभवित गांवों से अब तक 1565 आपत्ति पत्र दाखिल किया गया और काशी द्वार योजना रद्द होने तक आंदोलन करने कुमार, श्यामलाल, बच्चन, रामजी सिंह, मेवालाल, जितेंद्र कुमार , लक्ष्मण व जोखू समेत अनेक किसान रहे।

## असहायों की सेवा में मिलती है आत्म संतुष्टि : ज्योति प्रकाश

### नए साल की शुरुआत गरीबों, असहायों के साथ, गरीब झुग्गी झोपड़िया में बांटा कंबल

प्रखर वाराणसी। सामाजिक संस्था मिशन समाज सेवा ने नए साल पर गरीब झुग्गी झोपड़ियों वाले बस्तियों में बांटा कंबल। संस्था अनेक ऐसे अवसरों पर गरीबों असहायों को कुछ न कुछ उपहार भेंट करती रहती है। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर दिखी सुकून। संस्था सदैव निस्वार्थ भाव से इन लोगों के लिए कुछ ना कुछ करती रहती है। संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश ने बताया कि हमारी संस्था सदैव ऐसे अवसरों पर गरीबों असहायों के लिए कुछ न कुछ जरूर सहयोग करती रहती है। त्योहारों के मौके पर गरीब जुग्गी झोपड़ियों में इस तरह के उपहार हम हमेशा बच्चों, बुजुर्गों तथा बूढ़ों को देते रहते हैं। ज्योति प्रकाश ने बताया कि मिशन समाज सेवा इस तरह के कई सामाजिक कार्य जैसे निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क नेत्र परीक्षण तथा निशुल्क चश्मा वितरण, ठंड में कंबल वितरण, ब्लड डोनेशन, वृक्षारोपण, गरीब बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल इत्यादि प्रदान करना, विधवा अनाथालय में महिलाओं तथा बुजुर्गों को कंबल वितरण, साड़ी, वस्त्र, मिठाइयां इत्यादि समय-समय पर वितरित करने का कार्य संस्था करती रहती है। कंबल वितरण के इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश के साथ प्रदेश प्रभारी इंतजार अली, प्रदेश सचिव टार्जन बाहुबली, मंडल उपाध्यक्ष अनंत शुक्ला, नगर सहसंयोजक दिलीप विश्वकर्मा, नगर प्रभारी दीपू कनौजिया, नगर उपाध्यक्ष सोनू भारती आदि लोग मौजूद रहे।



## मानसी मिश्रा का लेखपाल के पद पर हुआ चयन

महराजगंज (जौनपुर)। तेजीबाजार स्थानीय थाना अंतर्गत दिलशादपुर क्षेत्र के रामचंद्रपुरा गाँव निवासी रविकर मिश्र की होनहार पुत्री मानसी मिश्रा का राजस्व विभाग में लेखपाल के पद पर चयन होने से घर परिवार व पूरे क्षेत्र में खुशी छा गयी। मानसी मिश्रा ने बताया कि माता-पिता व परिवार तथा गुरुजनों के आशीर्वाद से ही मुझे सफलता मिली है। वही इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रवक्ता बड़े पिता जपाकर मिश्र ने बताया कि मानसी बचपन से ही पढ़ने में होनहार थी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में भी बहुत अच्छा अंक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया था। इस सफलता पर कमलाकर मिश्र पूर्व प्रधान, हनुमान भक्त मुकेश मिश्रा, अरविंद तिवारी अटरा, कृष्णाकर मिश्र (रि0अ0रेलवे, रत्नाकर मिश्र, संदीप गुप्ता पत्रकार, मोनू मिश्रा, पं0बेदाकर, शशिकर, पं0छोटे मिश्र, अच्छेलाल सिंह, पूर्व प्रधान धनंजय तिवारी सहित क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है।



## फिटनेस एथलीट की पूंजी , सोशल मीडिया पर कम, सेहत पर ज्यादा ध्यान दें एथलीट - नीलू मिश्रा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महामना मदनमोहन मालवीय की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित पंद्रह दिवसीय महामना महोत्सव के तहत मंगलवार को रेवड़ी तालाब स्थित जयनारायण इंटर कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता हुई इसमें 100, 200 और 400 मीटर वर्ग में एक हजार विद्यार्थियों ने दौड़ लगाई` मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा ने कहा कि एथलीट को सोशल मीडिया पर कम सेहत पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. दिलीप डेरेहा ने कहा कि सेहत एथलीट की पूंजी है। अध्यक्षता कर रहे डॉ.वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी है कार्यक्रम संयोजक डॉ हरेंद्र कुमार राय ने बताया कि कहा कि महामना महोत्सव के अंतर्गत 6 जनवरी तक जिले के 10 इंटर कॉलेजो में 10 प्रतियोगिताएं होंगी` बताया कि गुरुवार को लंका स्थित ग्लोरियस एकेडमी में शतरंज प्रतियोगिता होंगी , प्रतियोगिताओं के परिणाम आठ जनवरी को जारी किए जाएंगे नौ जनवरी को स्वतंत्रता भवन बीएचयू में आयोजित समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वागत कुलदीप नारायण ने किया इस मौके पर शिवम पांडेय, पीयूष, हिमांशु, सोनाली शर्मा मौजूद रहीं।



## नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर भड़के ट्रक चालक, वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर 12 किमी लंबा जाम



भदोही। मोटर व्हीकल एक्ट संशोधन को लेकर सोमवार को ट्रक चालकों का गुस्सा भड़क गया। ट्रक चालकों ने सोमवार को वाराणसी-प्रयागराज हाईवे के उत्तरी लेन को जाम कर दिया। वाराणसी-भदोही सीमा कटका स्टेशन के पास शुरू हुआ चक्काजाम महराजगंज के आगे तक पहुंच गया। जिससे हाईवे के उत्तरी लेन 12 किमी से भी लंबा जाम लग गया है। ट्रक चालकों ने नारेबाजी करते हुए एक्ट में हुए संशोधन को वापस लेने की मांग की। ट्रक चालकों ने एक्ट में संशोधन को काला कानून बताया। कहा कि स एक्ट में वाहनों के चालक को 12 साल की सजा का प्रावधान है और उस पर सात लाख का जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इससे ट्रांसपोर्ट कारोबार पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। चालकों ने कहा कि ट्रक चालक दिन रात कड़ी मेहनत कर परिवार का खर्चा चलाते हैं। अब इस कानून से वह कहां से इतना बड़ा जुमार्ना दे सकेंगे। यह सीधा-सीधा हमारा उत्पीड़न है। चालकों के प्रदर्शन के कारण कारण हाईवे पर 12 किमी लंबा जाम लग गया है। वाराणसी जाने वाले उत्तरी लेन पर छोटे-बड़े सभी वाहन फंसे हुए हैं। नए साल का पहला दिन होने के कारण तमाम लोग वाराणसी बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने जा रहे थे। वे जाम में फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही औराई सीओ उमेश्वर प्रभात सहित कोतवाल मौके पर पहुंच कर ट्रक चालकों को समझाने में जुटे हुए हैं।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य बने अजय सोनकर शास्त्री, और संजय सिंह





केराकत। आगामी चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों को जन-जन में जागरूक करने एवं पार्टी के पक्ष में जनाधार बढ़ाने की कुशलता और कर्मठता से प्रभावित होकर पार्टी के हाई कमान ने भाजपा अनुसूचित मोर्चा मछलीशहर के जिला महामंत्री अजय सोनकर शास्त्री एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष केराकत संजय सिंह को रेलवे बोर्ड भारत सरकार का सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर केराकत के लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली। उपरोक्त विषय के संदर्भ में जारी विज्ञप्ति के अनुसार केराकत के सरायबीरू निवासी अजय सोनकर शास्त्री एवं केराकत तहसील के अमिहित ग्रामीण निवासी संजय सिंह को क्रमशः रेलवे स्टेशन जलालपुर एवं रेलवे स्टेशन डोभी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मौके पर पार्टी के आला अधिकारियों एवं पदाधिकारीयों और उनके समर्थकों नें नव वर्ष के बधाई के साथ साथ खुशी काभी इजहार किया है पार्टी के आला कमान ने शुभकामना देते हुये अपेक्षा की है कि आनें वाले 2024 के चुनाव में बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा।

## खाकी का खौफः तीन हिस्ट्रीशीटर ने ली भविष्य में अपराध न करने की शपथ




बदलापुर (जौनपुर)। तहसील अंतर्गत सिंगरामऊ की पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए हिस्ट्रीशीटरो व अपराधियों के विरुद्ध मुहिम तेज कर दी है। हिस्ट्रीशीटर की निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखते हुए क्षेत्र के तीन हिस्ट्रीशीटर सोमवार को थाने में पहुंच कर भविष्य में अपराध न करने का शपथ पत्र दिया। पुलिस के सख्त तेवर से अपराधियों में खलबली मच गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष सिंगरामऊ के कुशल पर्यवेक्षण में कोबरा प्रथम के कांस्टेबल कुलदीप गोस्वामी व सौरभ सिंह तथा कोबरा तृतीय के कांस्टेबल अरविन्द मिश्रा व नौशाद हुसैन के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर की निगरानी कर रामाकान्त दूबे पुत्र बुधिराम दूबे निवासी ग्राम सिंघावल, नन्हे उर्फ नरेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र पूल्ली उर्फ हनुमान बक्स निवासी ग्राम महमूदपुर एवं नागेन्द्र तिवारी पुत्र राजबहादुर तिवारी निवासी ग्राम ईनामीपुर थाना सिंगरामऊ को थानाध्यक्ष महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर इस बात का शपथ पत्र दिलायी गयी कि उपरोक्त तीनो हिस्ट्रीशीटर भविष्य मे कोई भी अपराध कारित नही करेगें और न ही किसी अपराध मे इनकी संलिप्तता रहेगी।

### समुद्री इलाकों में रहने वालों को घर न लौटने की सलाह, दो की मौत

# जापान में कुछ ही घंटों में लगे भूकंप के 60 से ज्यादा झटके, 7.6 रही सबसे ज्यादा तीव्रता

## 34,000 से ज्यादा घरों की बिजली गुल, बुलेट ट्रेन भी रोकी गई, भूकंप के बाद आई सुनामी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार को 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद यहां सुनामी आ गई। वाजिमा शहर में करीब 4 फीट ऊंची (1.2 मीटर) लहरें उठी हैं। वहीं अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। जापान के वक्त के मुताबिक, यह ऊंची लहरें शाम 4.21 बजे दिखीं। कुछ जगहों पर एक मीटर से कम ऊंचाई की लहरें नजर आई हैं।

एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि 5 मीटर (16 फीट) ऊंची लहरें उठ सकती हैं। कोस्टल एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। तोयामा शहर में भूकंप के दौरान कई लोग सुपरमार्केट में फंस गए। हालांकि, इन्हें



कोई नुकसान नहीं हुआ। कागा शहर में अंडरकंस्ट्रक्शन बिल्डिंग को भूकंप से काफी नुकसान हुआ। वाजिमा शहर में भूकंप के बाद एक इलाके में आग लग गई। वाजिमा शहर में लोगों ने घर छोड़ दिया। वाजिमा शहर के लोगों ने घर छोड़कर ऊपरी स्थानों पर जाना शुरू कर दिया है।

रेस्क्यू टीम इसमें उनकी मदद कर रही है। वाजिमा सिटी में भूकंप से अपने घरों को हुए नुकसान का स्थानीय नागरिकों ने जायजा लिया। जापान की मेट्रोलॉजिकल एजेंसी ने सोमवार शाम कहा- आने वाले दिनों में देश के कुछ हिस्सों में इसी तरह का भूकंप आने की आशंका है। लिहाजा, लोगों से अपील है कि वो सतर्क रहें।

### नोतो शहर में कई घर गिरे

नोतो शहर में कई मकान गिर गए। भूकंप से भारी तबाही हुई। जिससे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई।वाजिमा शहर में एक बिल्डिंग ढह गई है। इसके मलबे मे 6 लोग दबे हैं। इसी शहर के 35 हजार घरों में बिजली नहीं है। इधर, नॉर्थ कोरिया और रूस ने अपने सखालिन आइलैंड में अलर्ट जारी किया है। भूकंप के बाद लोग दहशत में इमारतों से बाहर निकल आए। जापान रिंग ऑफ फायर पर इसीलिए सबसे ज्यादा भूकंप यहां आते हैं। जापान भूकंप के सबसे ज्यादा सेंसिटिव एरिया में है। यहां भूकंप आते रहते हैं, क्योंकि ये दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है। इशिकावा प्रान्त, जहां भूकंप आया है, महासागर के चारों ओर भूकंपीय फॉल्ट लाइनों की एक घोड़े की नाल के आकार की श्रृंखला- रिंग ऑफ फायर के करीब स्थित है। रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कॉन्टिनेंटल प्लेट्स के साथ ओशियनिक टेक्टॉनिक प्लेट्स भी मौजूद हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है। इनके असर से ही सुनामी आती है और वोल्केनो भी फटते हैं। दुनिया के 90 फीसदी भूकंप इसी रिंग ऑफ फायर में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है।

### 30 से ज्यादा इमारतें ढहने की खबर

- भूकंप के बाद बड़ी सुनामी का ख़तरा फिलहाल घटा है लेकिन अभी भी बरक़रार है।
- बड़े भूकंप के बाद सेंट्रल जापान में करीब 60 बार झटके महसूस किए जा चुके हैं।
- नोटो इलाके में भी जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।
- वाजिमा सिटी फायर डिपार्टमेंट ने कहा है कि उन्हें इमारतें ढहने के 30 मामलों की जानकारी मिली है। तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंची जगहों पर जाकर रहने के लिए कहा गया है। ईशीकावा इलाके में भूकंप के बाद भीषण आग लगी है। जलमार्ग के साथ ही ईशीकावा और टोक्यो के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन सेवा को रोक दिया गया है। जापान के परमाणु संयंत्रों में भूकंप की वजह से अभी कोई परेशानी नहीं आई है। बुलेट ट्रेन सेवा रोकी गई।

**'सुनामी की चेतावनी' जारी:** बीते कुछ घंटों में सेंट्रल जापान में लगातार भूकंप के झटके आना जारी है। स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे नोटो रीजन में 7.6 तीव्रता का ज़ोरदार भूकंप आया था। इसके बाद आए भूकंप की तीव्रता 3 से 6.1 के बीच मापी गई।

### दोपहर 12.40 पर 7.6 तीव्रता का भूकंप, 8 मिनट बाद दूसरा झटका

भूकंप का पहला झटका भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12.40 बजे महसूस किया गया। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप इशिकावा प्रांत के अनामिज़ु शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 10 किलोमीटर नीचे था। इसके 8 मिनट बाद ही 6.2 तीव्रता का पहला आफ्टर शॉक रिकॉर्ड किया गया।

# 2024: तीन महीने में 4.13 लाख करोड़ रु. कर्ज लेंगे सभी राज्य

### नई सरकार वाले राज्य उधार लेने में आगे, एमपी-राजस्थान और छग टॉप-10 में

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने राज्यों का जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में उधारी का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार सभी राज्य इस अवधि में बाजार से 4.13 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेंगे।

जारी वर्ष 2023-24 में अप्रैल से अक्टूबर के बीच सात माह में कुल 2.58 लाख करोड़ बाजार से उठाए थे। यानी अगले तीन माह में वे 7 माह में जुटाई राशि से 60 फीसदी ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। राशि उठाने वाले राज्यों में मप्र, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और छग टॉप टेन में शामिल हैं। इन राज्यों के विस चुनाव 2023 में हुए हैं। मप्र, कर्नाटक और छग तो इन तीन महीनों में जो कर्ज ले रहे हैं, वह 2022-23 के 12 महीनों से भी ज्यादा है।

### 3 राज्यों का उधारी लक्ष्य पिछले पूरे साल से 127 प्रतिशत ज्यादा

मध्य प्रदेश अगले तीन महीने में कुल 37.5 हजार करोड़ कर्ज लेगा। पिछले सात माह में यह कर्ज केवल 15 हजार करोड़ था। इसे मिलाकर 31 मार्च तक उसका सालाना कर्ज 50 हजार करोड़ से ज्यादा हो सकता है। यह अपने आप में रिकॉर्ड होगा। राज्य ने 2022-23 में केवल 26,849 करोड़ रुपए कर्ज लिया था। यानी अगले तीन माह में वह पिछले पूरे साल के कर्ज से भी 39.68 फीसदी ज्यादा कर्ज ले रही है। कर्नाटक तो पिछले पूरे साल से 127 फीसदी राशि केवल तीन माह में उठा लेगी। छत्तीसगढ़ ने तो पिछले साल कर्ज ही नहीं लिया था। राज्य सरकार ने पुराना कर्ज ही 2,227 करोड़ रुपए चुकाया था। इस बार वह तीन माह में 11,000 करोड़ की बड़ी राशि बतौर कर्ज लेने जा रही है।

### कर्ज लेने में तमिलनाडु सबसे आगे

2023-24 के दौरान अब तक ग्रॉस कर्ज लेने के मामले में सबसे आगे तमिलनाडु राज्य है। दूसरे नंबर पर आंध्र प्रदेश है। तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र है।

### वादा निभाने के लिए कर्ज जरूरी

मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक जैसे राज्यों में सत्ता में आने वाली सभी पार्टियों ने वोटर्स को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन योजनाएं या तो चलाई हैं या चलाने का वादा किया था। ऐसे में राज्यों के सामने जरूरी खर्च के लिए धन जुटाने के लिए कर्ज के अलावा दूसरा कोई साधन नहीं है।

**संघर्ष के लंबे इतिहास को देखते हुए फैसले पर बनी एक राय**

# सीजेआई चंदचूड़ बोले- अयोध्या का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि अयोध्या केस का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था।

उन्होंने कहा- अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास व विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी जजों ने फैसले पर एक राय बनाई। सीजेआई ने एक इंटरव्यू में सेम सेक्स मैरिज पर दिए फैसले को लेकर भी बात की। सीजेआई ने बताया कि फैसले के बाद जो भी नतीजे आए, उन पर कोई पछतावा नहीं है। वे उस फैसले की खूबियों पर टिप्पणी नहीं करेंगे, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा देने से इनकार कर दिया गया था।

**ज्यूडीशियरी पर भरोसा बढ़े, इसलिए कई बदलाव किए:** सीजेआई ने कहा कि हमने पिछले साल कुछ नए इनीशिएटिव लिए हैं। इन्हें इंडियन ज्यूडीशियरी में लोगों की बढ़ी हुई पहुंच और ट्रांसपेरेंसी बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मणिपुर के थौबल में 4 लोगों की गोली मारकर की हत्या

**थौबल।** मणिपुर के थौबल में नए साल के पहले ही दिन सोमवार शाम को चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पांच अन्य लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। इसके बाद वहां घाटी के पांच जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है। मारे गए लोग पंगाल (मुस्लिम) बताए गए हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में मारे गए लोगों की संख्या चार बताई गई है।

### घाटी के पांच जिलों में फिर लगा कर्फ्यू, पांच अन्य घायल

ताजा हिंसा के बाद थौबल, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि लोगों का एक समूह जबरन वसूली के लिए स्वचालित हथियारों के साथ आया था। इनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। इन्होंने लिलोंग चिंगजाओ क्षेत्र में नागरिकों पर गोलियां चलाईं। इसमें तीन लोग मौके पर ही मारे गए। पांच घायलको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने तीन कारों को आग के हवाले कर दिया।

# तीन दिन बाद शहर से भाग गए थे तीनों आरोपी

### एमपी चुनाव में भाजपा की आईटी सेल से जुड़े, 5वें दिन पीड़िता ने फुटेज से पहचाना था



कुणाल



सक्षम पटेल



आनंद उर्फ अभिषेक चौहान

**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपियों ने वारदात के 3 दिन बाद यानी 5 नवंबर को शहर छोड़ दिया था। वे मध्य प्रदेश चले गए थे। तीनों आरोपियों से पूछताछ में यह बात सामने आई है। आरोपियों ने बताया कि आईआईटी-बीएचयू में छात्रों के जबरदस्त प्रदर्शन से वे डर गए थे।

घटना 1 नवंबर आधी रात के बाद की है। सूत्रों के मुताबिक तीनों आरोपी कुणाल, सक्षम और आनंद उर्फअभिषेक से शुरुआती पूछताछ में यह भी पता चला कि वे लोग वारदात से पहले करीब हर रात घूमने के लिए बीएचयू कैंपस जाते थे। 1 नवंबर की शाम चेतगंज इलाके के नक्कट्टैया लक्खा मेले को देखकर निकले। इसके बाद उन्होंने पहले शराब पी, फिर बीएचयू कैंपस पहुंचे। वहां, रात करीब 1.30 बजे लड़की को दोस्त के साथ टहलता देख तीनों ने बुलेट रोक ली। पीड़ित के दोस्त को भगा दिया। फिर जोर-जबर्दस्ती की। वारदात को अंजाम देने के बाद बीएचयू के हैदराबाद गेट से तीनों बाहर निकल गए। 1 नवंबर की रात वारदात के बाद वाराणसी पुलिस ने 6 किमी तक 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक किए। सूत्रों के मुताबिक 5 नवंबर को पुलिस को बुलेट पर सवार इन तीनों आरोपियों का फुटेज मिला। कन्फर्म होने के बाद पुलिस ने पीड़ित को सीसीटीवी दिखाया। विक्टिम ने फुटेज देखकर आरोपियों के चेहरे पहचान लिए।

# भाजपा का दावा- कल्पना सोरेन बनेंगी झारखंड की नई मुख्यमंत्री

**निशिकांत बोले- अब हेमंत इस्तीफा देकर पत्नी को सीएम बनाएंगे, गर्वनर लें कानूनी सलाह**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की अगली सीएम बनेंगी। गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस बात का दावा किया है।



दुबे वहीं शख्स हैं, जिनके आरोपों की महुआ माजी की संसद सदस्यता रद्द हो गई थी। दरअसल, एक दिन पहले हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (ड) के गांडेय से विधायक सरफराज अहमद ने अचानक विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया गया है। इसके बाद गांडेय से कल्पना सोरेन को विधानसभा भेजने की अटकलें लगाई जा रही हैं। निशिकांत दुबे के तीन पोस्ट, कहा- गवर्नर को कानूनी सलाह लेनी चाहिए। निशिकांत दुबे ने सोमवार को 12 बजकर 22 मिनट पर पहली पोस्ट की। उन्होंने लिखा- झारखंड के गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा से इस्तीफा दिया, इस्तीफा स्वीकार हुआ। हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन जी होंगी।

## जुब्बल में 10 घरों के 80 कमरे जलकर हुए राख

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश की तहसील जुब्बल के पराऊंठी गांव में रविवार रात भयंकर अग्निकांड में दस घरों के 80 कमरे जल गए। इससे 10 परिवार कड़ाके की ठंड में बेघर हो गए हैं। घटना में करोड़ों की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है।

### पराऊंठी गांव में भयंकर अग्निकांड

आग पर करीब सात घंटे बाद काबू पाया गया। परांऊठी गांव में रविवार रात करीब 1.00 बजे विनय पांटा के घर में आग लगी। परिवार के सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। धुंए से घुटन महसूस करने के बाद परिवार के लोग बाहर की ओर भागे और जान बचाई। एक के बाद एक दूसरे घरों में भी आग लगती गई। घटना की सूचना मिलते ही जुब्बल, कोटखाई, रोहड़ू व चिड़गांव से दमकल वाहन बुलाए गए।

### आज का इतिहास

- **1757:** ब्रिटिश सैनिकों ने भारत के कलकत्ता शहर (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।
- **1839:** फ्रांसीसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।
- **1878:** केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक मन्नत्तु पद्मनाभन का जन्म।
- **1905:** हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का जन्म।
- **1940:** भारतीय अमेरिकी गणितज्ञ एस. आर. श्रीनिवास वर्द्धन का जन्म।
- **1942:** द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- **1950:** प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. राधाबाई का निधन।
- **1954:** भारत रत्न और पद्म विभूषण पुरस्कार की शुरुआत की गयी।
- **1970:** प्रसिद्ध तैराक बुला चौधरी का जन्म हुआ।

# दोस्त के कहने पर ट्रांसजेंडर सर्जरी करा महिला बनीं, मोहाली में रेप

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में एक ट्रांसजेंडर ने दोस्त के कहने पर जेंडर बदल लिया और महिला बन गई। अब उसने दोस्त पर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जालंधर के कर्ण विज और उसके दोस्त पारस विज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि आरोपी ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर रेप किया है। उसका 7 साल तक शारीरिक शोषण किया गया। उसने 26 अक्टूबर को मोहाली एसएसपी को शिकायत दी थी। अब इसमें जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

***बोली- शादी के बाद यह कहकर छोड़ा कि लड़कियों के गुण नहीं***

### दिल्ली के अस्पताल में कराई सर्जरी

महिला ने बताया कि उसने दोस्त कर्ण विज के कहने पर दिल्ली के एक अस्पताल में सर्जरी कराकर जेंडर बदला था। इस दौरान उसे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। यह सर्जरी 25 जून 2022 को करवाई थी। वादे के मुताबिक कर्ण ने भी उसके साथ शादी कर ली थी, लेकिन इसके बारे में उसने अपने परिवार को नहीं बताया था। अब जब परिवार को इसका पता चला है तो उन्होंने मिलने से मना कर दिया। 8 लाख लेकर खोला जिम महिला ने कहा कि आरोपी ने झांसा देकर 8 लाख रुपए ले लिए थे और उस पैसे से उसने जालंधर में अपना एक जिम खोल लिया है। अब परिवार उससे मिलने नहीं देता है। कर्ण उससे कहने लगा कि सर्जरी कराने के बाद भी लड़कियों वाले गुण पूर्ण रूप से नहीं आए थे। इसलिए वह उसके साथ नहीं रहना चाहता है।

# जालंधर में पोस्टमास्टर ने खत्म किया पूरा परिवार, मचा हड़कंप

### पहले पत्नी-दो बेटियों, नातिन का गला घोंटा, फिर फंदा लगाया, कर्ज से था परेशान



**जालंधर।** शहर में कर्ज से तंग पोस्टमास्टर ने पत्नी, दो बेटियों और नातिन की हत्या कर खुदकुशी कर ली। उसने चारों का गला घोंट दिया। इसके बाद फंदे पर लटक गया। जब परिवार घर से बाहर नहीं निकला तो लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। जिसके बाद इस खौफनाक वारदात का पता चला।

यह घटना आदमपुर के गांव डरौली खुर्द गांव में हुई। खुदकुशी करने वाला मनमोहन सिंह (55) है। उसने पत्नी सरबजीत कौर, बड़ी बेटी प्रभजोत कौर उर्फ ज्योति (32), छोटी बेटी गुरप्रीत कौर उर्फ गोपी (31) और बेटी प्रभजोत की बेटी अमन (3) है। पोस्ट ऑफिस में पोस्टमास्टर मनमोहन का बेटा विदेश में रहता है।

पुलिस को पता चला है कि गांव के दो लोग उसे कर्जे को लेकर परेशान कर रहे थे। उनसे भी पूछताछ होगी। पुलिस मृतक के बेटे के विदेश से लौटने का इंतजार कर रही है। मनमोहन ने सुसाइड नोट और कर्ज की दो किश्तें भी छोड़ी। जिसमें उसने कर्ज को ही खुदकुशी की वजह बताया।

### सुसाइड नोट में कर्ज को बताया मौत का कारण

पुलिस को मिले सुसाइड नोट में मुख्य तौर पर मनमोहन ने कर्ज को अपनी मौत का कारण बताया है। सुसाइड नोट में मनमोहन ने लिखा कि उसने कर्ज लेकर मुर्गी खाना खोला, मगर वह फ्लॉप हो गया। जिसके बाद उसने कर्ज लेकर फिल्मिंग का काम शुरू किया। मगर वह भी फ्लॉप हो गया। जिसके बाद उसने कर्ज लेकर किसी तरह अपने बेटे को विदेश भेजा। सभी को मिलाकर उसके सिर पर काफी कर्ज हो गया था। मनमोहन ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसकी मौत के बाद किसी पारिवारिक सदस्य को तंग न किया जाए। मनमोहन पर 30 लाख से ज्यादा का कर्ज था। वहीं, मनमोहन द्वारा लिए गए कर्ज के बारे में किसी भी पारिवारिक सदस्य को जानकारी नहीं थी। उक्त सुसाइड नोट की जांच हैंड राइटिंग एक्सपर्ट भी करेंगे।

# बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराएगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** केंद्र द्वारा ट्रेन मुहैया न करवाए जाने के बाद अब पंजाब सरकार ने नया फैसला लिया है। सरकार अब हवाई जहाज से बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराएगी। इसके लिए सरकार ने चार्टर्ड फ्लाइट्स बुक करवा दी है। पंजाब सरकार द्वारा 27 नवंबर 2023 को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर स्पेशल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की गई थी। तब से लेकर अब तक केवल एक ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर जा पाई है। पहला जत्था श्री हजूर साहिब के लिए रवाना हुआ था। रेलवे की तरफ से रही दिक्कत की वजह से 6 दिसंबर को जालंधर से वाराणसी जाने वाली ट्रेन रद्द हो गई थी। अब 15 दिसंबर को मालेरकोटला से अजमेर शरीफ जत्था जाना था, लेकिन रेलवे की तरफ से असमर्थता जता दी गई है। हालांकि राज्य सरकार ने 15 दिसंबर की ट्रेन के लिए 1.34 करोड़ रेलवे को जमा करवाए हुए हैं। सरकार द्वारा यह यात्रा लोगों को एसी ट्रेन में करवाई जा रही है, जबकि रेलवे का तर्क है कि उनके पास जनरेटर कारों का अभाव है।

### राज्य सरकार ने बुक कराई चार्टर्ड फ्लाइट्स

दूसरी तरफ राज्य सरकार की तरफ से दलील दी गई है कि यात्रा के लिए रेलवे से एमओयू साइन हुआ है। वहीं, यात्रा से जुड़ी राशि भी एडवांस में दी जा रही है। इसके बावजूद भी इस तरह की दिक्कत आ रही है। हालांकि सरकार ने तीर्थ यात्रा को लेकर योजना बनाई हुई। इसमें कोशिश यही है कि आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले ही इसे हर हाल में संपन्नल किया जाए।

### श्रद्धालुओं को लेकर ट्रेन


सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के लिए 40 करोड़ का बजट रखा गया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 13 ट्रेन धार्मिक स्थानों पर भेजे जाने की योजना है।

**उपलब्धि** | **मोढेरा सूर्य मंदिर में 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ किया सूर्य नमस्कार**

# गुजरात में सूर्य नमस्कार का बना नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**● महेसाणा**

नए साल 2024 की पहली सुबह गुजरात के महेसाणा में स्थित मोढेरा सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। कार्यक्रम में 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे। मोढेरा सूर्य मंदिर में गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि सोमवार को 4000 से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार में हिस्सा लिया।



योग को दुनियाभर में अपनाया जा रहा है। आज गुजरात ने सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ सूर्य नमस्कार करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। गुजरात के लोगों ने 2023 में सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ योग करने का ऐसा ही रिकॉर्ड बनाया था और आज फिर से गुजरात ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह कार्यक्रम 108 स्थानों पर आयोजित किया गया था, जहां लाखों लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया है।

### यह एक नया टाइटल है: डांगरीकर

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर ने कहा कि मैं यहां सूर्य नमस्कार करने वाले सबसे अधिक लोगों के रिकॉर्ड को सत्यापित करने के लिए था। यह एक नया टाइटल है, क्योंकि इससे पहले किसी ने भी इस रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश नहीं की था। सभी सबूतों को देखने और उन्हें मोढेरा में प्रदर्शन करते देखने के बाद उन्होंने कहा कि इन लोगों ने सबसे अधिक लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार करने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सफलतापूर्वक बनाया है।

# डेनमार्क की क्वीन माग्ररेथ-द्वितीय ने की पद छोड़ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** डेनमाक्की महारानी माग्ररेथ-॥ ने रविवार देर रात पद छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने नए साल को लेकर दिए गए अपने संबोधन में कहा कि वह इसी महीने 14 जनवरी को अपना पद छोड़ देंगी। वो अपने बेटे क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक को राजगद्दी सौंपेंगी। क्वीन माग्ररेथ-॥ ने 14 जनवरी 1972 में पिता किंग फ्रेडरिक ॥ के निधन के बाद सिंहासन संभाला था। 52 साल बाद वो यह पद छोड़ रही हैं। ब्रिटेन की क्वीन एलिजाबेथ-॥ के बाद क्वीन माग्ररेथ-॥ यूरोप में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली दूसरी शासक के तौर पर जानी जाती हैं।

### 52 साल शासन किया, बेटे प्रिंस फेडरिक को राजगद्दी सौंपेंगी

### पीठ की सर्जरी के बाद पद छोड़ने का ख्याल आया

83 साल की क्वीन मार्ग्रेथ की फरवरी 2023 में पीठ की सर्जरी हुई थी। इसके बाद से उनके मन में पद छोड़ने का ख्याल आया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- पीठ की सर्जरी के बाद भविष्य के बारे में विचार करने का समय मिला।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश में कमी

## ■ अक्टूबर से दिसम्बर के बीच 37 फीसद की गिरावट के साथ 82.23 अरब डालर पर

नई दिल्ली (भाषा)।

कैलेंडर वर्ष 2023 की अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 37 प्रतिशत घटकर 82.23 करोड़ अमेरिकी डालर रह गया। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर-दिसम्बर 2023 में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 82.23 करोड़ अमेरिकी डालर रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 129.94 करोड़ अमेरिकी डालर था। कैलेंडर वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कार्यालय क्षेत्र में धन का प्रवाह 23 प्रतिशत घटकर 13.55 करोड़ अमेरिकी डालर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 17.55 करोड़ अमेरिकी डालर था। आवास क्षेत्र में अक्टूबर-दिसम्बर 2023 में निवेश 79 प्रतिशत गिरकर 8.1 करोड़ अमेरिकी डालर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 37.91 करोड़ अमेरिकी डालर था। वैकल्पिक संपत्तियां 11 प्रतिशत घटकर 46.79 करोड़ अमेरिकी डालर से 41.87 करोड़ अमेरिकी डालर हो गई। वैकल्पिक संपत्तियों में डेटा सेंटर, जीवन विज्ञान, वरिष्ठ आवास, अवकाश गृह, छात्र आवास और स्कूल शामिल हैं।

पिछले वर्ष के दौरान निवेश में 53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कार्यालय खंड 302.25 करोड़ अमेरिकी डालर तक बढ़ गया, जो 2022 कैलेंडर वर्ष में 197.83 करोड़ अमेरिकी डालर था।

औद्योगिक और गोदाम परियोजनाओं में निवेश प्रवाह पिछले साल दोगुना से अधिक होकर 87.76 करोड़ अमेरिकी डालर हो गया, जो 2022 में 42.18 करोड़ अमेरिकी डालर था।

**अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश**

| सेक्टर | निवेश 2022 | निवेश 2023 | गिरावट |
|---|---|---|---|
| ■ आफिस स्पेस | $13.55 करोड़ | $17.55 करोड़ | 23% |
| ■ आवास क्षेत्र | $08.10 करोड़ | $37.91 करोड़ | 79% |
| ■ वैकल्पिक संपत्ति | $41.87 करोड़ | $46.79 करोड़ | 11% |



## विमान ईंधन की कीमत में चार प्रतिशत की कटौती, वाणिज्यिक एलपीजी के दाम डेढ़ रुपये घटे

नई दिल्ली (भाषा)।

विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में सोमवार को चार प्रतिशत की कटौती की गयी। वहीं खाना पकाने के 19 किलो के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में मामूली 1.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गयी है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एटीएफ के दाम कम हुए हैं।

हालांकि, रसोई गैस के रूप में घरों में उपयोग होने वाले 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 903 रुपये पर बरकरार हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत में 4,162.5 रुपये यानी 3.9 प्रतिशत की कटौती की गयी है। इस कटौती के बाद दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,01,993.17 रुपये प्रति किलोलीटर हो गयी है। यह लगातार तीसरा महीना है जब विमान ईंधन के दाम में कटौती की गयी है। इससे पहले, नवंबर में एटीएफ के दाम में लगभग छह प्रतिशत (6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती की गयी थी।

# बैंकिग प्रणाली में वापस लौटे 2000 के 97% नोट

## ■ 29 दिसम्बर 2023 तक के हैं यह आंकड़े

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि चलन में मौजूद 2,000 रुपये के लगभग 97.38 प्रतिशत नोट अब तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 9,330 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास बचे हैं।

आरबीआई ने पिछले साल 19 मई को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने बयान में कहा, '2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 19 मई, 2023 को कारोबार समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था, अब 29 दिसम्बर, 2023 को कारोबार बंद होने के समय घटकर 9,330 करोड़ रुपये हो गया है।'

इस तरह 19 मई, 2023 को चलन में मौजूद 2,000 रुपये के कुल नोटों का 97.38 प्रतिशत हिस्सा बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुका है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि 2,000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा बने हुए हैं। इन नोटों को आरबीआई के देशभर में मौजूद क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर बदला या जमा किया जा सकता है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2,000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए भेज सकते हैं। आरबीआई ने इन नोटों को चलन से वापस लेते समय इन नोटों को 30 सितम्बर तक बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा था।

बाद में समयसीमा को सात अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था। आठ अक्टूबर से लोग आरबीआई के 19 कार्यालयों में जाकर 2,000 रुपये के नोटों को बदल या जमा करा सकते हैं। इस वजह से इन कार्यालयों में कामकाजी घंटों के दौरान अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

आरबीआई के ये कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवम्बर, 2016 में 1,000 रुपये और 500 रुपये के तत्कालीन नोटों का चलन बंद करने के बाद आरबीआई ने 2,000 रुपये का नोट जारी किया था।

■ जनता के पास अब सिर्फ 9330 करोड़ रुपये मूल्य के 2000 के नोट
■ यह नोट अब भी बने हुए हैं वैध मुद्रा
■ रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में बदले जा रहे हैं नोट
■ देश के 19 शहरों में स्थित कार्यालयों में देखी जा रही खासी भीड़
■ बैंक के लखनऊ कानपुर, पटना, जयपुर, भोपाल व चंडीगढ़ कार्यालयों में भी नोट बदलने की है सुविधा



## देश में बिजली की खपत दिसम्बर में 2.3 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में बिजली की खपत दिसम्बर में 2.3 प्रतिशत घटकर 119.07 अरब यूनिट (बीयू) रही। पिछले आठ माह में यह पहला मौका है, जब किसी महीने में बिजली खपत कम हुई है। इसका कारण मुख्य रूप से हल्की ठंड पड़ने से गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों की मांग का कम होना है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल अप्रैल में बिजली की खपत 1.5 प्रतिशत घटकर 132.02 अरब यूनिट रही थी। दिसंबर, 2022 में बिजली खपत 121.91 अरब यूनिट थी। यह इससे एक साल पहले इसी महीने में 109.17 अरब यूनिट के मुकाबले अधिक थी। बिजली की अधिकतम मांग दिसंबर में 213.62 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही।

## संक्षिप्त खबरें

### एचएफसीएल को ठेका

नई दिल्ली। एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) को बीएसएनएल से 1,127 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इस ठेके के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के अखिल भारतीय नेटवर्क के ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क (ओटीएन) के बुनियादी ढांचे को बदलने का काम किया जाएगा। एचएफसीएल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसे बीएसएनएल के ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को बदलने के लिए 1,127 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। विज्ञप्ति के अनुसार एचएफसीएल ने अत्याधुनिक ऑप्टिकल प्रौद्योगिकी को तैनात करने के लिए नोकिया नेटवर्क के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।'

### जेके टायर ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, क्यूआईपी को भारतीय म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और विदेशी संस्थागत निवेशकों सहित प्रमुख निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। जेके टायर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा, 'यह हमारे कार्पोरेट सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। निर्गम में कई प्रतिष्ठित निवेशकों की भागीदारी कंपनी की वृद्धि की कहानी में उनके विश्वास को दर्शाता है।'

### एस. सुरेश पदभार संभाला

कोलकाता। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी एस सुरेश कुमार ने सोमवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। डीवीसी ने बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार इससे पहले नेताजी सुभाष प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के महानिदेशक थे। कुमार नवम्बर, 2019 से अप्रैल, 2023 तक पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव भी रह चुके हैं। वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं।

# डिब्बा बंद उत्पादों पर विनिर्माण की तारीख व कीमत अनिवार्य

## ■ एक जनवरी से लागू हो गए हैं नए नियम ■ सरकार ने जारी की इसकी अधिसूचना

नई दिल्ली (भाषा)।

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा है कि सभी डिब्बा बंद जिंसों पर विनिर्माण की तारीख और प्रति इकाई बिक्री मूल्य सोमवार यानी एक जनवरी से लिखना अनिवार्य हो गया है।

इससे पहले, कंपनियों को डिब्बा बंद उत्पादों पर 'विनिर्माण की तारीख' या 'आयात की तारीख' अथवा पैकेजिंग की तारीख प्रकाशित करने समेत कई विकल्प दिये गये थे।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की नवीनतम अधिसूचना के अनुसार, अब कंपनियों के लिए सामान के 'प्रति इकाई बिक्री मूल्य' के साथ केवल 'विनिनिर्माण की तारीख' प्रकाशित करना अनिवार्य किया गया है।

उपभोक्ता मामलों के सचिव सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''चूंकि पैकेट बंद सामान की बिक्री विभिन्न मात्राओं में की जाती है, ऐसे में महत्वपूर्ण है कि उपभोक्ता डिब्बा बंद सामान की प्रति इकाई बिक्री कीमत से अवगत हों। ताकि वह सभी जानकारी के साथ सोच-विचार कर वस्तु खरीद सके।' विनिर्माण की तारीख प्रकाशित होने से उपभोक्ताओं को यह जानने में मदद मिलेगी कि पैक की गई वस्तु कितनी पुरानी है। इससे वे सोच-विचार कर खरीदारी का निर्णय कर सकेंगे।

इसी प्रकार, प्रति इकाई बिक्री मूल्य होने से उपभोक्ताओं के लिए वस्तु की लागत का पता लगाना आसान हो जाएगा। उदाहरण के लिए, 2.5 किलोग्राम के पैकेट बंद गेहूं के आटे में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के साथ प्रति किलो इकाई बिक्री मूल्य भी प्रकाशित होगा।

इसी प्रकार, एक किलो से कम मात्रा वाले डिब्बा बंद उत्पाद के पैकेट पर बिक्री मूल्य प्रति ग्राम होगा। साथ ही उत्पाद की कुल एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) भी होगी।

■ प्रति इकाई बिक्री की कीमत लिखने से ज्यादा इकाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं को कीमत के मामले में निर्णय लेने में होगी आसानी




# जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट ने तोड़े आर्डर के सारे रिकार्ड

**नई दिल्ली (भाषा)।** खानपान एवं जरूरत के सामान की ऑनलाइन बिक्री करने वाले जोमैटो, ब्लिंकिट और स्विगी जैसे मंचों पर आने वाले आर्डर में नए साल की पूर्व-संध्या पर बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई। इन त्वरित आपूर्ति मंचों के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नए साल की पूर्व-संध्या पर मिले आर्डर के रुझानों के बारे में यह जानकारी दी। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने अपने पोस्ट में कहा कि नए साल की पूर्व-संध्या पर उनके मंच को 2015-2020 के दौरान नव-वर्ष की पूर्व-संध्या पर संयुक्त रूप से मिले आर्डर जितने आर्डर मिले। गोयल ने इसे दिलचस्प आंकड़ा बताते हुए कहा कि जोमैटो भविष्य को लेकर उत्साहित है।

ब्लिंकिट के सह-संस्थापक एवं सीईओ अलबिंदर ढींढसा ने एक पोस्ट में कहा कि इसे एक दिन में अबतक के सबसे अधिक आर्डर और प्रति मिनट आर्डर मिले। आनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'नववर्ष की पूर्व-संध्या ने स्विगी फूड एंड इंस्टामार्ट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। टीम के साथ इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती। कपूर ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि स्विगी इंस्टामार्ट पर क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान मिले ऑर्डर को भी पीछे छोड़ दिया। कपूर ने कहा, 'स्विगी इंस्टामार्ट पर ऑर्डर प्रति मिनट (ओपीएम) अब तक का सबसे अधिक है। यह विश्व कप फाइनल के दौरान हमारे पिछले उच्चतम स्तर से 1.6 गुना अधिक है।' स्विगी पर इस दौरान बिरयानी के 4.8 लाख से अधिक आर्डर मिले और प्रति मिनट 1,244 पकवान के आर्डर दिए गए।

## महाराष्ट्र विदेशी निवेश के लिए पसंदीदा स्थान : शिंदे

ठाणे (भाषा)।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य विभिन्न देशों से निवेश के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है और यह राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल को दर्शाता है। शिंद ने नए साल का आगाज यहां आधी रात को रक्त दान शिविर में हिस्सा लेकर किया।

शिंदे ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान और मुंबई में जारी गहन सफाई अभियान के सकारात्मक प्रभाव पर भी बात की। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दावोस बैठक (2023 में) में हस्ताक्षरित 85 प्रतिशत समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का सफल क्रियान्वयन हुआ है। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र विभिन्न देशों के निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है।'

शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से उनकी सरकार के सत्ता संभालने के बाद से 20,000 से अधिक लोगों को 165 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई।

# जीएसटी संग्रह में 10 फीसद वृद्धि

नई दिल्ली (भाषा)।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसम्बर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इसके साथ ही अप्रैल-दिसम्बर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है।

मंत्रालय ने कहा, 'दिसम्बर में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,64,882 करोड़ रुपये है, जिसमें से सीजीएसटी 30,443 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37,935 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84,255 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 41,534 करोड़ रुपये सहित) है। इसके अलावा उपकर के रूप में 12,249 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 1,079 करोड़ रुपये सहित) का संग्रह हुआ है।' खास बात यह है कि दिसंबर इस साल का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है।

■ दिसम्बर में हुआ 1.64 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह




# चीनी वर्चस्व के विकल्प के रूप में भारत को चाहती है दुनिया



**नई दिल्ली (भाषा)।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि दुनिया आपूर्ति चेन पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देखना चाहती है जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। महिंद्रा ने नववर्ष पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कई दशकों से प्रतीक्षित उछाल भरने के लिए तैयार है और मनचाहे उत्पादों की पेशकश कर सकने वाली कंपनियों को नए साल में बढ़ती मांग को पूरा करने की खूबसूरत चुनौती का सामना करने में खुशी होगी।

उन्होंने नए साल को नई शुरुआत के लिए खास अवसर बताते हुए कहा, 'इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि पिछला साल कितना खराब रहा है, मानवीय प्रेरणा हमेशा उम्मीद का दामन थामती है। वर्ष 2023 में संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी के बाद के सुधार में आई सुस्ती हावी रही। इस साल का समापन नया जोश भरने की चाहत के साथ हुआ।'

## चीन की इकोनामी अब भी कमजोर

बैंकाक (एपी)।

चीन की विनिर्माण गतिविधियों में दिसम्बर में गिरावट आई, जिसके साथ ही दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था अब भी सुस्त बनी हुई है। चीनी फैक्टरी प्रबंधकों के एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक या पीएमआई दिसम्बर में गिरकर 49 पर आ गया। अधिकारियों का मानना है कि यह सुस्त मांग का संकेत है।

सूचकांक में 100 में से 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन, जबकि 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है। सूचकांक पिछले नौ महीनों में से आठ बार गिरा है, केवल सितंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। नवंबर में यह 49.4 और अक्टूबर में 49.5 था।

# दिसम्बर माह में वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

## ■ महिंद्रा, हुंडई, एमजी मोटर की बिक्री में वृद्धि ■ मारुति सुजुकी की बिक्री में मामूली गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)।

बीते साल दिसम्बर में वाहनों की बिक्री ने शुरुआती गिरावट के बाद रफ्तार पकड़ी ली है। एमजी मोटर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज आटो और हुंडई समेत कई वाहन कंपनियों की बिक्री में दिसम्बर माह में और सालाना आधार पर अच्छी बढ़त देखने को मिली जबकि मारुति की बिक्री में दिसम्बर में गिरावट देखी गई।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की दिसम्बर 2023 में कुल वाहन बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 60,188 इकाई रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले महीने यात्री वाहनों की बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 35,174 इकाई रही, जो दिसंबर 2022 में 28,445 इकाई थी। दिसम्बर 2023 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री भी 24 प्रतिशत बढ़कर 35,171 इकाई हो गई, जबकि 2022 में इसी महीने यह 28,333 इकाई थी। एमएंडएम के वाहन खंड के अध्यक्ष (आटोमोटिव डिवीजन) विजय नाकरा ने कहा, 'हमें चुनिंदा हिस्सों में आपूर्ति संबंधी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

बजाज आटो की दिसम्बर 2023 में कुल बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 3,26,806 इकाई हो गई। कंपनी ने दिसम्बर 2022 में कुल 2,81,514 इकाइयों की बिक्री की थी। बजाज आटो की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दिसम्बर 2023 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 2,83,001 इकाई रही, जो 2022 में इसी महीने 2,47,052 इकाई थी। कंपनी के अनुसार, घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 1,58,370 इकाई रही।

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की 2023 में कुल बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 7,65,786 इकाई रही है। घरेलू बाजार में रिकार्ड बिक्री के दम पर कंपनी यह आंकड़ा हासिल कर पाई है।

एमजी मोटर इंडिया की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दिसम्बर 2023 में कंपनी की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,400 इकाई रही। कंपनी ने 2023 में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ लगातार चौथे वर्ष बिक्री में वृद्धि दर्ज की।

उधर मारुति सुजुकी इंडिया की दिसम्बर 2023 में कुल बिक्री 1.28 प्रतिशत घटकर 1,37,551 इकाई रह गई।



# डेविड वॉर्नर ने टेस्ट के बाद वनडे क्रिकेट से भी लिया संन्यास

## जरूरत पड़ने पर चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के लिए कर सकते हैं ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी



**मेलबर्न, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट के साथ-साथ एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। वॉर्नर ने सोमवार को अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में कहा, मैं एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। इसके बारे में मैंने विश्व कप के दौरान सोचा था। भारत में पूरा विश्वकप खेलना और उसे जीतना एक बड़ी उपलब्धि थी। मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने का निर्णय ले रहा हूं, ताकि मुझे दुनिया भर में टी-20 लीगों में जाने और खेलने का समय मिल सके।

इसके साथ ही हमारी एकदिवसीय टीम में कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका भी मिलेगा। मुझे पता है कि चैंपियंस ट्रॉफी आ रहा है। अगर मैं अगले दो साल के समय में अच्छा प्रदर्शन करता हूं और टीम को मेरी जरूरत पड़ती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय था जिसके साथ मैं बहुत सहज था। भारत में हमने एकदिवसीय विश्वकप में जिस तरह से वापसी करते हुए ट्रॉफी जीती वह आश्चर्यजनक था। जब हम भारत में लगातार दो मैच हार गए तो टीम में एक-दूसरे के साथ हमारे संबंध और भी मजबूत हुए। हालांकि फाइनल जीतना कोई संयोग नहीं था। ग्लेन मैक्सवेल की शानदार पारी, कमिंस की बेहतरीन कप्तानी में जिस तरह से हमने फाइनल खेला वह अभूतपूर्व था। साथ ही सेमीफाइनल में भी हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया था वह सराहनीय था।

### कप्तानी बैन का जख्म हुआ ताजा, बोले- लीडरशिप के लिए ये चीज जरूरी तो नहीं...

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर तीन जनवरी से अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। वह सिडनी में पाकिस्तान के विरुद्ध तीसरे मैच में मैदान पर उतरेंगे और सबसे लंबे फॉर्मेट को अलविदा कह देंगे। वॉर्नर पर साल 2018 में साउथ अफ्रीका में बॉल टेम्परिंग स्कैंडल के बाद खेलने और कप्तानी बैन लगा था। वह तब उपकप्तान थे। वॉर्नर ने बतौर प्लेयर तो वापसी कर ली मगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने वॉर्नर को इंटरनेशनल क्रिकेट में कप्तानी करने से हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया। वनडे रिटायरमेंट की घोषणा के बाद वॉर्नर का कप्तानी बैन वाला जख्म फिर ताजा हो गया। उन्होंने कहा कि लीडरशिप का मतलब केवल कैप्टन का बैज पहनना नहीं होता है। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि इस तरह का सवाल मेरे सामने आएगा। कई सारी बाधाएं आती हैं, जिनसे आपको पार पाना होगा और आगे बढ़ना होगा। मैंने गरिमा के साथ ऐसा किया है। वॉर्नर ने 2022 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए लीडरशिप बैन को हटाने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए अपनी अपील वापस ले ली। वॉर्नर ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि इसे अलग तरीके से संभाला जा सकता था।

### वनडे में वॉर्नर ने बनाए ये बड़े रिकॉर्ड्स...

- वॉर्नर वनडे करियर में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के 10वें बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने वनडे करियर में 22 शतक लगाए। वॉर्नर एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक 7 शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं। 2016 में उन्होंने 7 वनडे शतक लगाए थे। इस लिस्ट में पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 9 शतकों के साथ अव्वल नंबर पर हैं, जिन्होंने 1998 में 9 शतक जड़े थे।
- वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। वनडे में कम से कम 1000 रन स्कोर कर चुके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों में वॉर्नर सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले तीसरे बैटर हैं। बाएं हाथ के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का वनडे औसत 45.30 का रहा है। वह सिर्फ माइकल बेवन और माइकल हसी से पीछे हैं, जिसका वनडे बैटिंग औसत क्रमश: 53.58 और 48.15 का है।

**तीनों प्रारूपों में वॉर्नर का करियर**

| फॉर्मेट | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | 100 | 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 111 | 8695 | 335* | 26 | 36 |
| वनडे | 161 | 6932 | 179 | 22 | 33 |
| टी-20 | 99 | 2894 | 100* | 01 | 24 |

- वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज 4,000, 5,000 और 6,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इसके बाद वो सबसे तेज 7,000 वनडे रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भी बन जाते, लेकिन उन्होंने संन्यास से लिया।
- भारत में खेले गए वनडे वर्ल्डकप 2023 में वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई बैटर ने 11 मैचों में 535 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाए थे।
- इससे पहले 2019 के वनडे वर्ल्डकप में वॉर्नर ने 647 रन स्कोर किए थे। वॉर्नर पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने थे, जिन्होंने वर्ल्डकप के दो एडीशन में 500 या उससे ज्याद रन बनाए। वॉर्नर वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 56.55 की औसत से 1,527 रन बनाए। वे पूर्व सिर्फ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग से पीछे हैं, जिन्होंने अपने करियर में 1,743 वर्ल्ड कप रन बनाए।
- वॉर्नर वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा 6 शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। वॉर्नर वर्ल्डकप में संयुक्त रूप से सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 1,000 रनों का आंकड़ा छूने के लिए 19 पारियों का सहारा लिया था।

# भारतीय टीम ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना

## द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले विराट कोहली ने नेट पर किया गेंदबाजों का सामना



**केपटाउन,(एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से खेला जाएगा।

नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे।

ट्रेनिंग सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते समय वह असहज दिख रहे थे और जब श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनाविरत्ने ने 18 गज की दूरी से गेंद फेंकी तो अय्यर ने पुल करने की कोशिश में देर से प्रतिक्रिया की और गेंद उनके पेट में लगी। उन्होंने थोड़ी देर के लिए बल्लेबाजी करना बंद कर दिया और वह दर्द में दिखे। सेंचुरियन में शनिवार को थ्रोडाउन सत्र के दौरान बाएं कंधे में चोट लगने के बाद शारदुल ठाकुर ने एक बार फिर अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया लेकिन सिर्फ बल्लेबाज के रूप में। शारदुल को गेंदबाजी करते हुए नहीं देखा गया लेकिन उन्होंने गेंदबाजों और थ्रोडाउन का सामना किया। वह सहज नजर आए और शॉर्ट गेंदों का आसानी से सामना किया।

### प्रैक्टिस के लिए बुलाया गया बाएं हाथ का नेट गेंदबाज

भारतीय टीम में बाएं हाथ का कोई तेज गेंदबाज नहीं है इसलिए एक नेट गेंदबाज को बुलाया गया और कोहली ने उसकी 25 से 30 गेंदों का सामना किया जबकि बीच में उन्होंने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आवेश खान के खिलाफ भी अभ्यास किया। कोहली क्रीज पर लगातार पैर बाहर निकालकर खेल रहे थे और बीच-बीच में उन्हें आगे बढ़कर मिड विकेट पर शॉट भी लगाए। हालांकि यहां एकमात्र समस्या यह थी कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने जो तेज गेंदबाज मुहैया कराया था उसकी गति बर्गर की तुलना में कम से कम 15 किमी प्रति घंटा कम थी। बर्गर ने सेंचुरियन में शुरुआती टेस्ट में सात विकेट लिए थे। नेट गेंदबाज की गति में कमी के कारण कोहली को इनस्विंग को समझने और फिर आगे बढ़कर मिड विकेट पर शॉट खेलने में समस्या नहीं हुई। मैच के दौरान हालांकि कोहली को फंट फुट पर आने के लिए इतना समय नहीं मिलेगा। अश्विन की गेंद पर लगाया कोहली का छक्का शानदार था और उन्हें बुमराह का सामना करने में भी कोई परेशानी नहीं हुई। शॉर्ट गेंद के खिलाफ अय्यर की कमजोरी जगजाहिर है। सेंचुरियन टेस्ट में उछाल लेती गेंदों के खिलाफ एक बार फिर उनकी कमियां उजागर हुईं। कमर से थोड़ी ऊपर आती गेंदों का सामना करते समय अय्यर मुश्किल में नजर आते हैं।

### केपटाउन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम सिराज बोले- मिलते हैं 3 जनवरी को

भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपना आखिरी मुकाबला खेलने के लिए केपटाउन पहुंच गई है। 31 दिसंबर की रात को भारतीय टीम सेंचुरियन से केपटाउन के लिए निकली थी और जल्द ही उन्होंने केपटाउन में कदम रख लिया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा और अंतिम मुकाबला खेला जाएगा। इस दौरान टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि 3 जनवरी को मिलते हैं। उन्होंने नई साल की शुभकामनाएं भी दीं। बीसीसीआई ने एक वीडियो एक्स अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे वीडियो में सिर्फ मोहम्मद सिराज ही एकलौते ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने कुछ बात की है। दूसरे टेस्ट से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पहले तो दर्शकों को नए साल की शुभकामनाएं दी और फिर उन्होंने कहा कि मिलते हैं 3 जनवरी को। उसी दिन ये टेस्ट मैच शुरू होगा। भारत के लिए ये टेस्ट मैच कई मायनों में काफी अहम है। दरअसल, भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है और इस बार भी इसे जीतने का चांस नहीं है, क्योंकि दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला मेजबानों ने जीत लिया है। ऐसे में टीम के पास अभी भी सीरीज को बराबर करने का मौका होगा। सिर्फ एक ही बार साउथ अफ्रीका में भारत सीरीज को बराबर कर सका है। इसके अलावा साल 2024 की शुरुआत टीम इंडिया जीत के साथ करना चाहेगी। ऐसे में इस मैच को जीतना जरूरी है। साल 2024 में ऐसा है टीम इंडिया का पूरा शेड्यूल, टेस्ट मैचों की है भरमार आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र के लिए भी भारत के लिए ये मुकाबला अहम है, क्योंकि टीम इंडिया एक मैच हारने के साथ पहले से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। अगर यहां टीम को जीत मिलती है तो फिर से भारतीय टीम टॉप 3 में पहुंच सकती है। भारत को अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में बने रहना है तो इस मुकाबले को जीतना जरूरी है। भारत इस सीजन में तीन में से एक ही मुकाबला जीता है, एक गंवाया है और एक ड्रॉ रहा है।

# घरेलू मैदान पर हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## हरमनप्रीत के प्रदर्शन पर होगीं सभी की निगाहें



**मुंबई,(एजेंसी)।** पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा। भारत ने वनडे सीरीज से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे।

इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऊर्जा बढ़ाने का बेस्ट तरीका, पहली बार में ही पाएं रिजल्ट और जानें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाज नहीं चल पाए थे और 8 विकेट पर 282 रन बनाने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसने सात कैच छोड़े थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीन रन से जीता था। दूसरे मैच में रिचा घोष ने 113 गेंद पर 96 रन की लाजवाब पारी खेली थी जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने बल्लेबाजी में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा था। रिचा घोष नंबर तीन पर भारत की नई स्टार है जो टीम को आक्रामक शुरुआत देने में सक्षम है। दूसरी तरफ अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा पर दबाव होगा क्योंकि पिछले मैच में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद वह टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई थी।

# नाओमी ओसाका ने जीत के साथ की ब्रिस्बेन टूर्नामेंट में वापसी



**ब्रिस्बेन,(एजेंसी)।** विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी।

यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। ओसाका ने मैच के बाद कहा, पूरे मैच के दौरान मैं वास्तव में काफी नर्वस थी। मैं सभी दर्शकों का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया। ओसाका अगले दौर में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा से भिड़ेंगी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया।

### यूनाइटेड कप में इगा जीतीं

इगा स्वियातेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में जगह दिलाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियातेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियातेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

# चोपड़ा के बाद किशोर जेना और मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

# रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम घोषित

## वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी आज से



**भोपाल,(खेसं)।** रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के संयुक्त रूप से ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (मेन्स) टूर्नामेंट का आयोजन 02 जनवरी से 7 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसके लिए रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की हॉकी मेंस टीम की घोषणा सोमवार को की गई साथ ही उन्हें किट भी प्रदान की गई। टूर्नामेंट में पांच राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा से लगभग 55 विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम लिंक रोड नम्बर-1 एवं ऐशबाग हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है।

**रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की हॉकी मेंस टीम-मिडफील्ड:** लव कुमार, **डिफेंडर:** अरहम अंसारी, **फॉरवर्ड:** श्रेयस धुपे, हिमांशु सनिक, अमित खान, शैलेंद्र सिंह, मोहित कर्म, अली अहमद **मिडफील्ड:** अंकित पाल, स्वप्निल कावड़कर, दीपक यादव, अभय परिहार, अवनीश सेन, सद्दाम अहमद, सुंदरम, आदेश, सत्यम बरडे **डिफेंडर:** अक्षय दुबे, **गोलकीपर:** वैभव खुसलानी एवं अभिजीत मोहर, **टीम के कोच**-हबीब हसन।

# मयंक अकादमी ने जीता सीनियर्स कप का खिताब



**भोपाल,(खेसं)।** सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने आरसीसी को 10 रन से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 160 रन बनाए। जिसमें जैद ने 40 और प्रियांशु प्राण ने 39 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीसी की पूरी टीम 19.4 ओवर में 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आयुष यादव ने 46 रन और अभिषेक सिंह ने 28 बननाए। मयंक चतुर्वेदी अकादमी की तरफ से शिवांश ने 5 विकेट लिए। शिवांश को मैन ऑफ द फाइनल चुना गया। पुरुस्कार वितरण ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष बीडीसीए ने किया। **पुरस्कार: सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी**-अंकुश सिंह, **सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज**-शिवांश चतुर्वेदी, **सर्वश्रेष्ठ फिल्डर**-आयुष यादव, **सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर**-प्रणव राय, **मैन ऑफ द सीरीज**-शिवांश चतुर्वेदी।

**आईपीसीए मास्टर्स वेटरन कप के फाइनल में:** आईपीसीए ने भोपाल पुलिस को हराकर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित मास्टर्स (वेटरन ) कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में आईपीसीए ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जिसमें परवेज उल्ला ने 107 रन की शतकीय पारी खेली। जवाब में भोपाल पुलिस की टीम 50 रन पर ढेर हो गई।

# 27वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 12 जनवरी से

**भोपाल,(खेसं)।** 27वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 12 से 16 जनवरी 2024 तक नासिक (महाराष्ट्र) में किया जा रहा हैं, जिसमें मध्यप्रदेष से 110 युवा प्रतिभागियों का दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभागिता करेगा। भारत सरकार द्वारा युवा उत्सव का आयोजन सर्वप्रथम सन 1995 से प्रारंभ किया गया। यह आयोजन प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर किया जाता हैं। प्रदेश में युवा उत्सव का आयोजन 03 चरणो में जिला, संभाग व राज्य स्तर पर किया जाना हैं। जिला व संभाग स्तरीय आयोजन दिनांक 25 से 31 दिसम्बर के मध्य वर्चुअली सम्पन्न किया गया है। राज्य शासन द्वारा जो इवेन्ट जिला व संभाग स्तर पर किए गए है उनका विवरण निम्नानुसार है: भाषण, कहानी लेखक, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह लोकनृत्य, एकल नोकनृत्य। यह सभी इवेंट 02 व 03 जनवरी 2024 को रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित होंगे।

# यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में मप्र के 6 मुक्केबाजों ने जीते पदक



**भोपाल,(खेसं)।** मोनाली, चंडीगढ़ में आयोजित साउथ और वेस्ट जोन महिला ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के 6 मुक्केबाजों ने पदक जीते। मप्र की मलिका ने 48 से 50 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा माही लांबा ने 57 से 60 किग्रा में रजत जीता। वहीं आयुषी ने 50 से 52, भाव्या ने 63 से 66, और अप्रिता ने 81 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। इसी के साथ कुल 8 मुक्केबाजों ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एलपीयू यूनिवर्सिटी जालंधर के लिए क्वॉलीफाई किया।



## पौधा आधारित 'साइटिसिन' छुड़वा सकता है धूम्रपान

नयी दिल्ली, (भाषा)। एक अध्ययन में दावा किया गया है कि पौधों में पाया जाने वाला एक तत्व 'साइटिसिन', प्लसीबो की तुलना में सफलतापूर्वक धूम्रपान छोड़ने की संभावना को दो गुना बढ़ा देता है और 'निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी' से अधिक प्रभावी हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि कम लागत वाले एवं धूम्रपान रोकने में मददगार 'साइटिसिन' का उपयोग पूर्वी यूरोप में 1960 के दशक से किया जा रहा है और इसके उपयोग के बाद कोई गंभीर सुरक्षा चिंताएं नहीं देखी गई हैं।

प्लसीबो, ऐसी चिकित्सा को कहते हैं जिसका वैज्ञानिक आधार नहीं होता। ऐसी चिकित्सा पद्धति या तो प्रभावहीन होती है, या फिर यदि कोई सुधार दिखता भी है तो उसका कारण अन्य होता है। साइटिसिन को मध्य और पूर्वी यूरोप के बाहर के अधिकतर देशों में लाइसेंस प्राप्त नहीं है और ना ही इसका विपणन किया जाता है, जिसके चलते यह दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। इस सूची में निम्न और मध्यम आय (एलएएमआई) वाले देश भी शामिल हैं, जहां यह वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है। जर्नल 'एडिक्शन' में प्रकाशित अध्ययन में लगभग 6,000 रोगियों पर प्लसीबो के साथ साइटिसिन की तुलना करने वाले आठ परीक्षणों के परिणामों को एकत्रित किया गया।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, संयुक्त परिणामों से पता चला है कि साइटिसिन, प्लसीबो की तुलना में धूम्रपान बंद करने की संभावना को दो गुना से अधिक बढा देता है। उन्होंने यह भी पाया कि 'निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी' की तुलना में साइटिसिन अधिक प्रभावी हो सकता है।'निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी' तंबाकू के अलावा अन्य माध्यमों से निकोटिन लेकर तंबाकू सेवन विकार वाले लोगों के इलाज के लिए एक चिकित्सकीय रूप से अनुमोदित तरीका है। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित 'सेंट्रो नेशनल डी इन्टॉक्सिकेशियंस' (सीएनआई) से जुड़े एवं शोधकर्ता ओ. डी. सैंटी ने कहा, 'हमारा अध्ययन इस सबूत को पुख्ता करता है कि साइटिसिन धूम्रपान रोकने में एक प्रभावी और सस्ता तरीका है। यह एलएएमआई देशों में धूम्रपान की समस्या से निपटने में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है, जहां धूम्रपान छोड़ने वाली किफायती दवाओं की तत्काल आवश्यकता है।'



## शाहरूख खान के साथ फिर फिल्म बनाना चाहते हैं राजकुमार हिरानी

मुंबई,(वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राजकुमार हिरानी ,किंग खान शाहरूख खान के साथ फिर से फिल्म बनाना चाहते हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी 21 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'डंकी' राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान की साथ में पहली फिल्म है। फिल्म डंकी को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। डंकी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 180 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। राजकुमार हिरानी ,शाहरुख खान के साथ फिर से फिल्म बनाना चाहते हैं। राजकुमार हिरानी ने बताया,'डंकी' में शाहरुख के साथ काम करके बहुत मजा आया है, आगे भी मौका मिला तो जरूर काम करना चाहूंगा, लेकिन फिलहाल मै स्क्रिप्ट पर काम कर रहा हूं।



## सोनाली बेंद्रे ने परिवार के साथ हरिद्वार में की गंगा आरती



मुंबई (आईएएनएस)। नए साल की शुरुआत के लिए अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे अपने पति गोल्डी बहल और बेटे रणवीर के साथ हरिद्वार पहुंची। अभिनेत्री ने फैंस के साथ हरिद्वार से अपने अद्भुत दिन की झलक शेयर की। सोनाली एक उत्साही सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 4.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अभिनेत्री ने कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें हम उन्हें अपने परिवार के साथ केबल कार और रिक्शा की सवारी का आनंद लेते हुए देख सकते हैं। स्पष्ट तस्वीरें दिखाती हैं कि सोनाली दिल खोलकर हंस रही है और वह हरिद्वार में अपने दिन का आनंद ले रही है। सोनाली की पहली मुलाकात फिल्म निर्माता गोल्डी से उनकी फिल्म 'नाराज' के सेट पर हुई थी। उन्होंने नवम्बर 2002 में मुंबई में शादी कर ली थी। अभिनेत्री को पिछली बार 'द ब्रोकन न्यूज' सीरीज में देखा गया था।



## घर के अंदर रखने से आपकी पालतू बिल्ली सुरक्षित और खुश रहेगी!

**मेलबर्न (द कन्वरसेशन)। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के पशु चिकित्सा संघों ने बिल्लियों को घर के भीतर रखने की सलाह दी है जिससे वे और वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे। हालांकि, घर के भीतर उबाऊ माहौल संभवतः बिल्लियों की मानसिक उत्तेजना की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकता है। अब भारत में भी बहुत से लोग बिल्लियां पालने लगे हैं इसलिए यह जानना जरूरी है कि बिल्लियों को घर के भीतर कैसे रखें कि वे सुरक्षित और खुश रहें?**

**पशु कल्याण पर विचार करते हुए पांच डोमेन मॉडल शुरुआत के लिए अच्छी चीज हैं। ये पांच डोमेन इस प्रकार हैं :**

- **पोषण - बिल्लियों को खाने और पानी की उचित मात्रा की आवश्यकता होती है।**
- **शारीरिक वातावरण, जिसमें तापमान, फर्श, शोर, प्रकाश शामिल है।**
- **स्वास्थ्य - चोट, बीमारी, अक्षमता**
- **लोगों तथा अन्य पशुओं के साथ व्यवहारिक अंतःक्रिया जिसमें किसी एक क्षण में किसी खास गतिविधियों में शामिल होना या नहीं होने का फैसला लेने की क्षमता शामिल है।**
- **मानसिक स्थिति जिसमें भूख, पीड़ा, भय और आराम जैसी भावनाएं शामिल हैं जो पशु की व्यक्तिपरक कल्याण स्थिति का समग्र मूल्यांकन है।**



**किसी बिल्ली को बंद जगह में रखने से उसके अंदर या बाहर रहने का विकल्प खत्म हो जाता है। किसी जानवर की अपने जीवन पर नियंत्रण की भावना उसके कल्याण का एक महत्वपूर्ण पहलू है तो हम इस क्रिया के नुकसान की भरपाई कैसे कर सकते हैं?**


बेहतर निर्णय लें - यह पता लगाएं कि विशेषज्ञ क्या सोचते हैं। विभिन्न दामों पर आपकी बिल्ली की जरूरतों को पूरा करने के कई तरीके हैं। ज्यादातर तरीके बिल्ली की व्यवहारिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। कुछ लोग पर्यावरण या पोषण जैसी अन्य जरूरतों पर भी बात करते हैं। ये सभी आपकी बिल्ली के कुशलक्षेम में योगदान देंगे।

### निशुल्क समाधान

- अगर आप जीवनयापन की लागत के संकट से गुजर रहे हैं तब भी आप अपनी बिल्ली को बहुत कम दाम पर या निशुल्क अच्छा माहौल दे सकते हैं।
- 'कैट' संगीत के पीछे कुछ वैज्ञानिक सबूत पाए गए है। और यह यूट्यूब पर उपलब्ध है। यह उनकी पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।
- 'पज़ल फीडर', जो आप खरीद सकते हैं या खुद भी बना सकते हैं। बिल्लियां शिकारी होती हैं इसलिए वे अपना भोजन तलाश करने के लिए काम करती हैं। पज़ल फीडर उनकी जैविक जरूरतों को पूरा करने में मदद करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है।
- किसी पालतू बिल्ली के साथ पांच मिनट तक खेलने से उनकी व्यावहारिक समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है इसलिए उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके साथ हर दिन कुछ समय निकाल कर जरूर खेलें। भले ही आपको यह अजीब लगेगा लेकिन यह आपकी पालतू बिल्ली के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा।
- याद रखिए, हर बिल्ली का व्यवहार अलग होता है। हो सकता है कि जो चीजें कुछ बिल्लियों के लिए फायदेमंद होती है वे आपकी बिल्ली के लिए फायदेमंद न हो। प्राथमिकता परीक्षण का प्रयास करें - जिसमें बिल्ली को विभिन्न विकल्पों या वातावरण के बीच चुनने में मदद मिल सकती है।

## केरल में एन्जॉय कर रहे रणदीप हुड्डा और लिन

**मुंबई (आईएएनएस)। एक्टर रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने एक वेडिंग कपल के तौर पर पहला नया साल साथ में सेलिब्रेट किया। लवबर्ड्स ने सोशल मीडिया पर न्यू ईयर वैकेशन की तस्वीरें शेयर कीं। फोटो में रणदीप और लिन सेल्फी के लिए पोज दे रहे हैं और बैकग्राउंड में सनसेट की लुभावनी शाम है। 'सरबजीत' एक्टर ने सिर्फ शॉर्ट्स पहने हुए हैं, जबकि लिन ने मोनोकिनी पहन रखी है। पोस्ट को कैप्शन दिया गया था: 2023 का आखिरी सनसेट। जियोटैग में केरल का कन्नूर था। पोस्ट को रणदीप ने 'सूरज डूबा हैं' गाने का म्यूजिक ऐड किया। इस कपल ने 29 नवम्बर को मणिपुर के इंफाल में परिवार के सदस्यों और कुछ दोस्तों की मौजूदगी में पारंपरिक मैतेई रिवाजों से शादी की थी। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप और लिन दोनों अपने प्रोफेशनल लाइफ में काफी बिजी हैं।**



## 'बड़े मियां छोटे मियां' के फर्स्ट लुक में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ की झलक



मुंबई, (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने नए साल पर अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का फर्स्ट लुक जारी किया। तस्वीर में दोनों सितारे जेट स्की पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। बॉलीवुड की सबसे शानदार एक्शन जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को पहली बार स्क्रीन साझा करते देख दर्शकों मे रोमांच पैदा हो गया। फिल्म में मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो फिल्म की भावनाओं की रोलरकोस्टर यात्रा में एक और परत जोड़ते हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स की एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' अप्रैल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## एनटीआर जूनियर की 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई,(वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर को तीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। 8 जनवरी को देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।



## 45 की हुई विद्या

मुंबई,(वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री विद्या बालन आज 45 वर्ष की हो गईं। 1 जनवरी 1979 को जन्मीं विद्या बालन बचपन से ही अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखा करती थीं। वर्ष 1995 में विद्या बालन को जीटीवी पर प्रसारित धारावाहिक हम पांच में काम करने का अवसर मिला। विद्या बालन ने फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित बांग्ला फिल्म भालो थेको से की। विद्या ने बालीवुड में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2005 में प्रदर्शित विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिणीता से की। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई।

वर्ष 2006 में विद्या बालन को एक बार फिर से विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजय दत्त के साथ काम करने का अवसर मिला। वर्ष 2007 में विद्या बालन को मणिरत्नम की फिल्म गुरू में काम करने का अवसर मिला। फिल्म में विद्या की भूमिका छोटी थी बावजूद इसके उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद विद्या बालन की हे बेबी और भुल भुलैया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुईं।भुल भुलैया के लिये विद्या सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी हुईं। वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म पा में विद्या बालन ने अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया।इस फिल्म के लिये उन्हे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 2010 में प्रदर्शित फिल्म इश्किया विद्या बालन के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है।इस फिल्म में विद्या बालन के अभिनय का नया रूप दर्शकों को देखने को मिला।फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह फिल्मफेयर द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के क्रिटिक्स पुरस्कार से सम्मानित की गईं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' विद्या बालन के करियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई।





## रश्मिका ने 2024 की पहली सेल्फी की शेयर

**मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपने फैंस को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दी और एक सेल्फी शेयर की। नए साल की शुरुआत के मौके पर रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने एक सेल्फी साझा की, जिसमें उन्हें डिंपल स्माइल करते हुए देखा गया। उन्होंने नो मेकअप लुक चुना और अपनी फ्लालेस स्किन को फ्लॉन्ट करते हुए खूबसूरत पिक्चर क्लिक की। पोस्ट पर उन्होंने कैप्शन दिया: गुड मॉर्निंग..! मेरे प्यारो, नए साल की हार्दिक शुभकामनाए! एक अन्य स्टोरी में, रश्मिका ने एक बोर्ड गेम की झलक साझा की और लिखा, लेट्स गो 2024 वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार 'एनिमल' में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर, रणविजय सिंह और अजीज हक की दोहरी भूमिका में थे। इसमें रश्मिका ने गीतांजलि अयंगर की भूमिका निभाई है, जो रणबीर की पत्नी है।**

# ड्राइवर के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा प्रस्ताव पारित को लेकर बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कार्यालय में हुई बैठक, वाराणसी के ट्रांसपोर्टर ने किया रोष व्यक्त



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मिन्ट हाउस नदेसर में पीसीएफ प्लाजा स्थित बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कार्यालय में 2 जनवरी 2024 मंगलवार को ट्रांसपोर्टर की हुई बैठक` बैठक में ड्राइवर के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा जो एक प्रस्ताव पारित हुआ है समस्त पदाधिकारी एवं वाराणसी के ट्रांसपोर्टर ने किया रोष व्यक्त। अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की मनसा शुरू से ही छोटे-छोटे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को खत्म करना रहा हैं इस तरह तो ना ही कोई ट्रांसपोर्टर रहेगा और ना ही कोई ड्राइवर का कार्य करेगा। महामंत्री प्रकाश जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित दस साल के ड्राइवर की सजा का जो नियम बना हैं मैं पूछना चाहता हूं केंद्र सरकार से एक्सीडेंट के बाद वह कैसे रिफाइंड करेंगे कि यह रन फॉर हिट का मामला है या जैनमीन एक्सीडेंट है इस तरह के इस तरह के नियम से देश के सभी ड्राइवर गाड़ी चलाना छोड़ देंगे और पूरा ट्रांसपोर्ट जगत खड़ा रह जाएगा जिससे आम पब्लिक को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा महंगाई चरम पर हो जाएगी यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगा सरकार को जल्द इस पर विचार करके इस कानून को रद्द करना चाहिए। प्रवक्ता शशि प्रताप सिंह ने देश के सभी ड्राइवरों से अनुरोध किया कि इस कानून का विरोध तो होना चाहिए लेकिन शान्ति पूर्वक माहौल को खराब ना करते हुए सरकार से अपनी मांग को पूरी करनी चाहिए।

## युवक तमंचा के साथ गिरफ्तार




प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के क्रम में खेतासराय पुलिस ने एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। लेदरहीं पुलिया गोधना मार्ग के पास सोमवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी इस दौरान एक युवक को तमंचा बारह बोर और कारतूस के साथ दबोच लिया पूछताछ में उसने अपना नाम फैसल उर्फ रोशन पुत्र पब्बर निवासी जोगियाना वार्ड खेतासराय बताया जिसे आवश्यक विधिक कारवाई के पश्चात चालान न्यायालय भेज दिया। टीम थानाध्यक्ष चंदन राय व पुलिस टीम शामिल रही।

# सपा कार्यकर्ता अजय फौजी को बैठाए जाने पर लंका थाना पहुंचे सपाई



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एक जनवरी को भगवानपुर दुर्घटना मे स्थानीय सपा नेता अजय फौजी को अकारण गिरफ्तार किए जाने पर सपाई लंका थाने पहुंचे` सोनभद्र थाने मे तैनात दरोगा पंकज सिंह के पुत्र ने चार पहिया वाहन स्कार्पियो से प्रातः निकला था वाहन चलाते समय अनियंत्रित होकर वाहन इंद्र पटेल के घर मे घुसने से दर्दनाक मृत्यु हो गई` स्थानीय लोगो द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर सपा नेता अजय फौजी भी जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंचे, लंका थाना प्रभारी द्वारा भड़काने का आरोप लगाकर अजय फौजी को लंका पुलिस द्वारा अजय फौजी को गिरफ्तार कर लिए जाने की सूचना पर सपा नेता अजय फौजी के समर्थको ने पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा को सूचना पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा एवं कैन्ट की पूर्व प्रत्याशी पूजा यादव के साथ लंका थाने पहुंचकर सपा नेता अजय फौजी से मुलाकात कर काशी जोन के अपर पुलिस आयुक्त आर एस गौतम से वार्ता कर अजय फौजी को छोड़ने का मांग रखा लंका थाने पर मिलने वालो मे अमन यादव, सत्यनारायण यादव , विजय विश्वकर्मा,आकाश विश्वकर्मा सहित दर्जनो सपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रेयस को मिली शूटिंग शुरू करने की इजाजत, वेलकम टू द जंगल से पहले फिल्म 'नया दौर' की होगी शूटिंग



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अभिनेता श्रेयस तलपड़े इन दिनों डॉक्टर की सलाह पर आराम कर रहे हैं लेकिन जल्द ही वह शूटिंग पर वापस लौटने वाले हैं` अक्षय कुमार की फि ल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग से वापस आते समय उनकी तबीयत खराब हुई और उनकी पत्नी दीप्ति ने उन्हें आनन-फानन अस्पताल में पहुंचाया जहां एंजियोप्लास्टी के बाद उनकी तबियत ठीक है डॉक्टरों ने उन्हें 12 फरवरी के बाद शूटिंग शुरू करने की इजाजत दे दी है। अभिनेता श्रेयस तलपड़े 27 फरवरी से इंदौर में फि ल्म 'नया दौर' की शूटिंग करने जा रहे हैं इस फि ल्म के लिए इंदौर में बहुत बड़ा सेट लगाया जा रहा है` फि ल्म के कला निर्देशक लीलाधर सावंत मंगलवार को इंदौर अपनी टीम के साथ निकल रहे हैं और वहां एक महीने तक फि ल्म के सेट का निर्माण करेंगे इस फि ल्म की शूटिंग 27 फरवरी से एक महीने तक लगातार इंदौर में ही चलेगी। फि ल्म 'नया दौर' का निर्देशन कर रहे रविन्द्र राम पाटिल कहते हैं 'श्रेयस तलपड़े अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें 12 फरवरी तक आराम करने की सलाह दी है हमने शूटिंग शेड्यूल की तैयारी श्रेयस तलपड़े ने जैसा कहा उसी हिसाब से की है` मुझे भी लग रहा था कि श्रेयस पहले 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग करेंगे लेकिन जैसे ही मुझे पता चला कि अक्षय कुमार के डेट्स की वजह से अब फि ल्म की शूटिंग आगे बढ़ गई मैंने अपनी फि ल्म के लिए बात की और श्रेयस ने काम करने की हरी झंडी दे दी। फि ल्म नया दौर में श्रेयस तलपड़े के अलावा अन्नू कपूर और प्रणव वत्स की मुख्य भूमिकाएं हैं इस फि ल्म में तीन गाने हैं जिसके संगीत की रचना अमित त्रिवेदी और विशाल मिश्रा ने किया है` फि ल्म के निर्देशक रविन्द्र राम कहते हैं इस फि ल्म का विषय बहुत ही यूनिक और सोशल ड्रामा पर आधारित है इंदौर के अलावा इस फि ल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग लंदन में की जाएगी।

# सीएम का आदेश नहीं मानते सोंधी अस्पताल के डॉक्टर

### राज्यमंत्री के रेंडम चेकिंग में खुल गई पोल, सीएमओ ने कार्रवाई का दिया भरोसा




प्रखर खेतासराय जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों पर सभी अधिकारी, कर्मचारी, डॉक्टर रात्रि निवास करेंगे। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश चंद्रा इसे नहीं मानते। यहां रहने के बजाय वह प्रत्येक दिन आजमगढ़ जनपद के लालगंज तहसील मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल पर निवास करते हैं। सूत्र बताते हैं कि यह अस्पताल उन्हीं के परिवार का है। स्वास्थ्य कर्मियों के इस बड़े खेल का खुलासा खुद प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने एक जनवरी की शाम को किया। जब वह कस्बा के एक युवक वेद प्रकाश प्रजापति का मेडिकल परीक्षण न कराए जाने की शिकायत पर खुद अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश चंद्रा नदारत मिले तो मंत्री का पारा चढ़ गया। उन्होंने फौरन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को फोन करके इस घोर लापरवाही पर चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगने और उनके खिलाफ का सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यह वही डॉक्टर हैं जिन्हें पूर्व में तत्कालीन डीएम दिनेश कुमार सिंह, प्रभारी मंत्री समेत खुद राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव कई बार गंभीर शिकायत मिलने पर उन्हें फटकार लगा चुके हैं। बावजूद इसके यह डॉक्टर यहां निवास नहीं करते। ऐसे में सहज ही कल्पना की जा सकती है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी और स्वास्थ्य कर्मचारी किस रूप में लेते हैं। इस संबंध में डॉ रमेश चंद्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी ड्यूटी जिला अस्पताल में लगी हुई थी। उनके स्थान पर दूसरे चिकित्सक की तैनाती मौके पर थी।

# भारतीय विवेक पर खड़ा व्यावहारिक समीक्षक माधव कृष्ण : प्रो. आनन्द सिंह




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उपनिषद मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में द प्रेसिदियम इंटरनेशनल स्कूल अष्टभुजी कालोनी, बड़ी बाग, लंका के सभागार में डॉ माधव कृष्ण की पुस्तक विचार सम्पुट का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कवयित्री रश्मि शाक्या ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को गति प्रदान की। मुख्य अतिथि अथर्वा के सुकवि विचारक प्रोफेसर आनंद सिंह ने लेखक की मेधा का प्रभाव स्वीकार करते हुए कहा कि महात्मा गांधी पर उनका निबंध इस पुस्तक का बीज लेख है, और इस कारण वह समावेशी हैं। उन्होंने माधव कृष्ण को भारतीय विवेक पर खड़ा व्यावहारिक समीक्षक बताया जिसमें गढ़ने की व्याकुलता है। विशिष्ट अतिथि एकांकीकार डॉ गजाधर शर्मा गंगेश ने कहा कि लेखक में पढ़ने और ग्रहण करने की गहराई है। विशिष्ट अतिथि और चर्चित उपन्यासकार डॉ रामबदन राय ने विचार सम्पुट को एक ऐसी पठनीय पुस्तक बताया जिसे आद्योपान्त पढ़ा जा सकता है। आचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी, दिलीप दीपक, डॉ श्रीकांत पाण्डेय, डॉ अम्बिका पाण्डेय, रामनगीना कुशवाहा, डॉ निरंजन यादव तथा डॉ रामबदन सिंह ने पुस्तक के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लेखक माधव कृष्ण के विचार सम्पुट को वस्तुनिष्ठता, तटस्थता और साफगोई का दस्तावेज बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मान्धाता राय ने माधव कृष्ण की लेखन शैली को प्रांजल, निष्पक्ष और बोधगम्य बताया। सभा में दिनेश चन्द्र शर्मा, पूजा राय और यशवन्त सिंह यश ने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभा में ब्रह्मकुमारी निर्मला, गायत्री बहन रोली, डॉ जयशंकर कुशवाहा, छत्रसाल सिंह, प्रधान, दूधनाथ राय, संतोष कुशवाहा, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, सहित विवध क्षेत्रों के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक सम्पन्न



प्रखर लखनऊ । उत्तर प्रदेश सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल दिनांक 31-12-2023 को 12 बजे शालीग्राम अपार्टमेंट लखनऊ में हुई बैठक । जे एन तिवारी अध्यक्ष राज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महामंत्री श्री टी एन चौरसिया एवं श्रीमती अरुणा शुक्ला की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम आशुलिपिक एवं पूर्ति लिपिक से पदोन्नति प्राप्त पूर्ति निरीक्षक पद पर कराए जाने के संबंध में अध्यक्ष एवं महामंत्री महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं आभार प्रकट किया गया और बुके तथा साल देकर सम्मानित किया गया।तदोपरांत सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को श्री जे एन तिवारी सर के उत्तर प्रदेश कर्मचारी संयुक्त परिषद से संबद्ध किए जाने का अनुरोध किया गया जिसकी सहर्ष अनुमति अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गई। प्राप्त अनुमति के क्रम में सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद श्री जे एन तिवारी सर की परिषद से संबद्ध किए जाने की कारवाही पूर्ण कराते हुए वार्षिक शुल्क आदि जमा कराया गया और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष के रिक्त पद पर चुनाव के संबंध में उपस्थित समस्त आपूर्ती लिपिको के समक्ष चर्चा की गई उपस्थित समस्त आपूर्ति लिपिको एवं राज्य कर्मचारि संयुक्त परिषद अध्यक्ष एवं महामंत्री के निर्देश में पुन पूर्व कार्यकारी को भंग करते हुए उत्तर प्रदेश सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन के समस्त पदों पर निर्वाचन सर्व समत्ति से निम्न अनुसार किया गया

1 -अध्यक्ष श्री विपिन कुमार 2 -महामंत्री श्री तुफैल अहमद

3 -उपाध्यक्ष श्री अमित सिंह सूर्यवंशी

4- कोषाध्यक्ष श्री राम जीत यादव को चुना गया। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारि संयुक्त परिषद के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष एवं महामंत्री महोदय द्वारा सभी को पद एवं गोपियनता की शपथ दिलाई गई । इसके पश्चात उत्तर प्रदेश सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार द्वारा श्री जे एन तिवारी सर से समस्त आपूर्ति लिपिको की गृह जनपद की मांग और पदोन्नति का कोटा 50% किए जाने और आपूर्ती लिपिको की प्रदेश स्तरी नवितम वरिष्ठा सूची जारी कराई जाने के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। जिस पर पदोन्नति पाए नव पूर्ति निरीक्षको द्वारा पूर जोर समर्थन किया गया। माननीय अध्यक्ष महामंत्री एवं उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारियों के संयुक्त परिषद द्वारा उक्त मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए जाने का आश्वासन दिया गया एवं सक्षम स्तर पर मांगों को रखने की बात कही गई है। अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

# अस्मिता संस्था में लगाया गया नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगद्गुरु साई माँ लक्ष्मी देवी मिश्राकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद से शक्तिधाम आश्रम की ओर से सिगरा स्थित अस्मिता संस्था में मंगलवार को निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता ने बताया कि शक्तिधाम आश्रम की ओर से वाराणसी के प्रत्येक इलाके मे निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है इसी क्रम मे सिगरा स्थित अस्मिता संस्था मे मंगलवार को शिविर लगाया गया।इसके बाद आगामी निःशुल्क आंखों की जाँच का शिविर सुजाबाद प्राइमरी स्कूल में आयोजित किया जायेगा वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के डॉ.अजय मौर्य के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों की आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद की जांच की गई जिसमें मोतियाबिंद के मरीज का ऑपरेशन आने वाले दिनों में सुनिश्चित किया गया है जिन लोगों की आंखों की जांच की गई है उन सभी को निःशुल्क चश्मा वितरण आगामी दिनों में अस्मिता संस्था के सिगरा स्थित कार्यालय में किया जाएगा इस अवसर पर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी परमेश्वरानन्द, डेविड ओग्रेडी, अस्मिता संस्था के निदेशक फादर मैजू मैथ्यू, स्वामी श्रध्दानन्द , चक्रवर्ती विजय नावड, वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के विनीत प्रजापति, मौहम्मद शारिक, अंकित यादव, रेणू पटेल, नवीन सिंह, नितिन सिंह, आकांक्षा पाल, शालिनी वर्मा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लॉसम केयर क्लासेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव



प्रखर जौनपुर। नगर के लाइन बाजार स्थित ब्लॉसम केयर क्लासेज में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने लुडो, शतरंज, कैरम, सामान्य ज्ञान, राइटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंशिका खरे, खुशी सिंह, तनु गोंड, निधि भास्कर, आराध्या, चित्रांशी ने नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। निर्देशक शक्ति श्रीवास्तव और मैनेजर पवन श्रीवास्तव ने बच्चों को अच्छे पढ़ाई और खेल के लिए सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रतीक्षा श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के बच्चों को बधाई भी दिया गया। अंत में शक्ति श्रीवास्तव और पवन श्रीवास्तव ने बच्चों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस नए वर्ष में उनको और भी ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दी।

### शक्तिधाम आश्रम में सम्पुर्ण विश्व की महिलाओं के कल्याण के लिए 21 वैदिक विद्वानों द्वारा महायज्ञ




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगद्गुरु साई माँ लक्ष्मी देवी मिश्रा की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हरिशचंद्र घाट रोड स्थित शक्तिधाम आश्रम में नव वर्ष के शुभ अवसर पर संपूर्ण विश्व की महिलाओं के सुख समृद्धि ,उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना के साथ अखंड महायज्ञ का आयोजन किया गया। शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता ने बताया कि जगद्गुरु साई माँ श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा ने संपूर्ण विश्व की पूर्वज महिलाओं एवं वर्तमान के साथ भविष्य की कन्याओं के लोक कल्याण के लिए काशी में महायज्ञ का आयोजन किया है` काशी के सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य पंडित सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में 21 वैदिक विद्वानों द्वारा महायज्ञ के साथ चंडी याग का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महा मंडलेश्वर स्वामी परमेश्वरानन्द ,आश्रम के महंत स्वामी अनंतदास जी महाराज,स्वामी दयानंद,डेविड ओग्रेडी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### देश में आज से राशन डीलर करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल : राष्ट्रीय सचिव



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देश के 5 लाख 38 हजार राशन डीलर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राष्ट्रीय सचिव/ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने एक कार्यक्रम में बताया कि कमीशन वृद्धि को लेकर काफी दिनों से सरकार से कहा गया था लेकिन केन्द्र और राज्य की सरकारें राशन डीलरो की परेशानी को नही समझ रही थी।जिसके चलते राष्ट्रीय महासचिव विशम्बर बासु के नेतृत्व में पूरे भारत के राशन डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। उत्तर प्रदेश के 80000 हजार कोटेदार प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में हड़ताल करेंगे। उत्तर प्रदेश सभी संगठनों का समर्थन मिला है।कोई भी कोटेदार राशन वितरण नहीं करेगा। जब तक उत्तर प्रदेश की सरकार कमीशन नहीं बढ़ाती है। उत्तर प्रदेश का कमीशन अन्य प्रदेशों से बहुत ही कम हैं। उत्तर प्रदेश के कोटेदारों की मांग हैं कि अन्य प्रदेशों की तरह 200रुपए कुन्तल कमीशन किया जाय। नहीं तो वितरण बन्द रहेगा।जिसकी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री जी अन्य अधिकारियों को दे दिया गया है।

### 251 जरुरतमंदों को कम्बल वितरित



प्रखर वाराणसी। क्रिकइनफॉर्मर वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले ट्रस्ट के ट्रस्टी सिद्धान्त भूषण त्रिपाठी व श्वेत भूषण त्रिपाठी के पैतृक निवास मुस्तफाबाद में 251 जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। त्रिपाठी भाइयों का क्रिकइनफॉर्मर नाम से यू ट्यूब चैनल ,फेसबुक और वेबसाइट है और ये इंडिया के टॉप क्रिकेट न्यूज प्रदाता और डेटा एनालिटिक्स हैं।आप का एस बी टी इंटरटेनमेंट नाम से एक भोजपुरी चैनल भी है अपने ट्रस्ट के माध्यम से त्रिपाठी बन्धु हर वर्ष नए वर्ष पर कम्बल वितरण करते हैं तथा समय समय पर जरूरत मंदो के इलाज तथा शिक्षा इत्यादि कार्यों में भी मदद करते हैं। उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेशिय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक चिरईगांव के अध्यक्ष ज्योति भूषण त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री पारस, अवनीश सिंह, परशुराम यादव, सीताराम सिंह, विश्व भूषण, शील भूषण, संध्या, ममता, सीमा, रामनारायण सिंह एडवोकेट, छेदी यादव, प्रतीक,प्रतीक्षा, अलंकृता, शशिभूषण, तुसार त्रिपाठी एडवोकेट, आशीष सिंह, रामशुभम सिंह, सुजीत, भारत भूषण,रामबालक यादव, अवधेश त्रिपाठी ,सुरेन्द्र साहनी ,पारसनाथ सिंह,इत्यादि लोग उपस्थित थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं